राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



09 रश्मिका मंदाना पर बड़ा दांव, पहली ...



ममता की करीबी राज्यसभा सांसद सुष्मिता... 11

गाजियाबाद, गुरुवार 11 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 94, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## नीट री-एग्जाम से पहले एनटीए दफ्तर पहुंचे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रिजल्ट को लेकर कर दिया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट का पेपर लीक होने के बाद अब 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित होने जा रही है। 3 मई को हुई परीक्षा के रद्द होने के बाद देशभर में हुए भारी प्रदर्शन और उठते सवालों के बीच, सरकार अब किसी भी हाल में इस नीट री-एग्जाम को 'लीक प्रूफ' बनाने की पूरी तैयारी में जुटी हुई है। इसी कड़ी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान खुद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे और वहां चल रही तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए नीट परीक्षा के रिजल्ट और आगे की रणनीति को लेकर एक बहुत बड़ा अपडेट साझा किया है।




**रिजल्ट को लेकर शिक्षा मंत्री ने छात्रों से कही ये अहम बात**

नीट री-एग्जाम से पहले लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर परीक्षा का रिजल्ट कब तक जारी किया जाएगा, ताकि मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। इस पर स्थिति साफ करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार ने पहले ही वादा किया है कि इस बार नीट की परीक्षा पूरी तरह से सुरक्षित और लीक प्रूफ होगी। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बार परीक्षा का रिजल्ट बिल्कुल सटीक समय पर जारी किया जाएगा ताकि किसी भी बच्चे का अकादमिक नुकसान न हो। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों से खास अपील की है कि वे किसी भी बात की चिंता किए बिना अपना पूरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई पर केंद्रित रखें।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देता रहेगा यूपीः मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो
ममदूद आलम वारसी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर दीं शुभकामनाएं**

**लखनऊ।** निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4399 दिन पूरे कर नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहने वाले जनसेवक बन गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेशवासियों की तरफ से पत्र लिखकर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित पत्र में लिखा- राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल पर आपको समस्त प्रदेशवासियों की ओर



से अनंत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देता रहेगा।

**पीएम के नेतृत्व में आस्था व अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम बनकर उभरा उत्तर प्रदेश**

सीएम ने पत्र में लिखा कि आपके यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम बनकर उभरा है। अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला का विराजमान होना, काशी विश्वनाथ धाम के सफल पुनरोद्धार आदि के साथ ही "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के आपके मूल मंत्र ने विगत 12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और नया विश्वास प्रदान किया है। राष्ट्र ने सेवा, सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश भी जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित करते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

करोड़ों नागरिकों तक पहुंचा पीएम मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

सीएम योगी ने लिखा कि आपके प्रेरक नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तर प्रदेश के करोड़ों नागरिकों तक पहुंचा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 3 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग 65 लाख परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से लगभग 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों ने उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## न्यूज डायरी

### भारत ने पहली बार तैनात किए रेडी टू फायर 12 परमाणु हथियार, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक सुरक्षा और सामरिक संतुलन के बीच भारत की परमाणु रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है। हथियारों और सैन्य क्षमताओं पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च



इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड को परिचालन (ऑपरेशनल) स्थिति में तैनात किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक भारत परमाणु वॉरहेड और उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने वाले मिसाइल या अन्य प्लेटफॉर्म को अलग-अलग स्थानों पर रखता रहा है। हालांकि हालिया घटनाक्रम संकेत देते हैं कि भारत ने अपनी दशकों पुरानी व्यवस्था में बदलाव करते हुए कुछ परमाणु हथियारों को सीधे डिलीवरी सिस्टम से जोड़ दिया है या उन्हें ऐसे सैन्य ठिकानों पर तैनात किया है जहां से जरूरत पड़ने पर तत्काल इस्तेमाल किया जा सके।

**बढ़ी रणनीतिक तैयारी के संकेत**

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट का मानना है कि भूमिगत मिसाइल साइलो, कैनिस्टर-आधारित मिसाइल प्रणालियों और परमाणु क्षमता से लैस बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों में हथियारों की तैनाती भारत की बढ़ती रणनीतिक तैयारी को दर्शाती है।

### हवा में उड़ान भरते ही एयर इंडिया की फ्लाइट से टकराया पक्षी, बाल-बाल बची 124 यात्रियों की जान

**राजकोट (आरएनएस)।** राजकोट के हीरासर (राजकोट इंटरनेशनल) एयरपोर्ट पर आज एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। राजकोट से देश की राजधानी दिल्ली जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट के टेक-ऑफ करते ही एक पक्षी जोरदार तरीके से उससे टकरा गया। इस अप्रत्याशित घटना से हवा में ही अनहोनी की आशंका बन गई थी, लेकिन पायलट ने गजब की




सूझबूझ और फुर्ती दिखाते हुए तुरंत एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। इस फ्लाइट में कुल 124 यात्री सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिए जाने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन और यात्रियों ने राहत की गहरी सांस ली।

**बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ इंजन का प्रोपेलर**

मिली जानकारी के मुताबिक, रनवे से उड़ान भरते ही जब पक्षी विमान से टकराया, तो इंजन का प्रोपेलर (ब्लेड) बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इंजन में आई इस अचानक तकनीकी खराबी और संभावित बड़े खतरे को भांपते हुए, पायलट ने बिना कोई देरी किए तुरंत ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क साधा। एटीसी को स्थिति से अवगत कराने के बाद, पायलट ने फ्लाइट को वापस रनवे की तरफ मोड़ा और सफलतापूर्वक लैंड कराया, जिससे एक बड़ी त्रासदी होने से बच गई।

**मरम्मत के बाद डीजीसीए की टीम करेगी सघन जांच**

इस गंभीर घटना के बाद उड्डयन नियामक (एविएशन रेगुलेटर) पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। प्रभावित एयर इंडिया फ्लाइट के इंजन की तकनीकी मरम्मत का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है। विमान के पूरी तरह से दुरुस्त होने के बाद, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन की एक विशेष टीम इसकी गहन जांच और स्क्रीनिंग करेगी।

डीजीसीए के सख्त नियमों के तहत, विमान का पहले 'इंस्पेक्शन ट्रायलइ (टेस्ट रन) किया जाएगा और सभी सुरक्षा मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरने के बाद ही इसे यात्रियों के साथ दोबारा उड़ान भरने की आधिकारिक मंजूरी दी जाएगी।

इस बीच, एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## उरी सेक्टर के आर्मी कैंप में ग्रेनेड ब्लास्ट, दो जवान शहीद

**उरी (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एक दर्दनाक हादसे में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। सेना अधिकारियों के अनुसार, कमलकोट स्थित सैन्य शिविर में रूटीन इक्विपमेंट हैंडओवर के दौरान एक हैंड ग्रेनेड अचानक फट गया, जिससे दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सेना के 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और ग्रेनेड विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में इस घटना को दुर्घटनावश हुआ विस्फोट माना जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। श्रीनगर स्थित रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी (क्कक्रह्र) ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से पूरी जानकारी मिलने के बाद ही औपचारिक टिप्पणी की जाएगी।

**पुंछ जिले में पाकिस्तानी किशोर भी पकड़ा**

रुशष्ट पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ पाकिस्तानी किशोर इसी बीच, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुए एक 14 वर्षीय पाकिस्तानी किशोर को सेना ने हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, मेंढर सेक्टर के नागरी टेकरी इलाके में तैनात सतर्क जवानों ने किशोर को सीमा पार करने के तुरंत बाद रोक लिया। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (क्कश्य) से गलती से भारतीय सीमा में आ गया था।



**पूछताछ जारी, वापस भेजे जाने की संभावना**

सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल किशोर से पूछताछ कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद स्थापित प्रक्रियाओं के तहत उसे पाकिस्तान वापस भेजा जा सकता है।

## समंदर की गहराई में भी भारत का डंका, आईआईटी के छात्रों ने बनाया अनोखा एआई रोबोट, अब फ्रांस में दिखाएंगे जलवा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईआईटी मद्रास से निकली एक भारतीय नवाचार कंपनी ने वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, आईआईटी के छात्रों की इस कंपनी प्लैनिस टेक्नोलॉजीज का चयन फ्रांस के नीस शहर में आयोजित होने वाले 'भारत इनोवेट्स 2026इ के लिए किया गया है। यहां यह संस्थान भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।



फ्रांस में भारतीय रिसर्च की जानकारी देते हुए बताया जाएगा कि पानी के भीतर स्थित महत्वपूर्ण ढांचों की जांच के लिए रोबोट, एआई और उन्नत विश्लेषण तकनीकों का उपयोग कैसे किया जा रहा है। यह तकनीक गोताखोरों पर निर्भरता को कम करती है व अधिक सटीक नतीजे देने में सक्षम है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि 150 से अधिक ग्राहकों, 10 से ज्यादा देशों में संचालन और अनेक पेटेंट के साथ यह कंपनी भारतीय नवाचार की नई पहचान बनकर उभरी है।

कंपनी की स्थापना आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों तनुज झुनझुनवाला और विनीत कुमार उपाध्याय ने की थी। उन्हें आईआईटी मद्रास के प्रख्यात वैज्ञानिकों प्रोफेसर प्रभु राजगोपाल और प्रोफेसर कृष्णन बालासुब्रमणियन का मार्गदर्शन प्राप्त है। उनके नेतृत्व में विकसित तकनीकें पानी के भीतर मौजूद संरचनाओं की जांच को अधिक सुरक्षित, तेज और सटीक बना रही हैं। कंपनी द्वारा विकसित विशेष रोबोटिक प्रणालियां और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निरीक्षण मंच समुद्र, नदियों और जलाशयों के भीतर मौजूद ढांचों की स्थिति का विस्तृत आकलन करते हैं।

इससे जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में मानव गोताखोरों पर निर्भरता कम होती है और निरीक्षण कार्य अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। प्लैनिस की सेवाएं बंदरगाहों, पुलों, बिजली संयंत्रों, समुद्री ऊर्जा परियोजनाओं और रक्षा क्षेत्र सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उपयोग की जा रही हैं।

## पेट्रोल-सिलिंडर के बाद अब फ्लाइट टिकट भी होगी महंगी, जेट फ्यूल हुआ महंगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार की नई प्राइस स्टेबलाइजेशन स्कीम के तहत घरेलू एयरलाइंस अब एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें तीन साल तक के लिए तय कर सकेंगी। इसी बीच सरकारी फ्यूल रिटेलर्स ने जेट फ्यूल की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। नई व्यवस्था के अनुसार, इस स्वैच्छिक योजना

**नई व्यवस्था के अनुसार, इस स्वैच्छिक योजना को अपनाने वाली एयरलाइंस को एटीएफ के लिए 115 रुपये प्रति लीटर की निश्चित कीमत चुकानी होगी**

को अपनाने वाली एयरलाइंस को एटीएफ के लिए 115 रुपये प्रति लीटर की निश्चित कीमत चुकानी होगी। इससे पहले यह कीमत 104.927 रुपये प्रति लीटर थी।

जो एयरलाइंस इस योजना में शामिल नहीं होंगी, वे बाजार आधारित दरों पर ही ईंधन खरीदती रहेंगी। वर्तमान में यह दर लगभग 142 रुपये प्रति लीटर है, जो अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस द्वारा चुकाई जाने वाली कीमतों के बराबर है। सूत्रों के अनुसार, यह



योजना पूरी तरह वैकल्पिक है और एयरलाइंस स्वयं तय करेंगी कि उन्हें इसमें शामिल होना है या नहीं। योजना का लाभ लेने वाली एयरलाइंस लॉक-इन अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रहेंगी। वहीं, जो एयरलाइंस इस फ्रेमवर्क से बाहर रहेंगी, उन्हें बाजार मूल्य में गिरावट का लाभ तो मिल सकता है, लेकिन कीमतों में बढ़ोतरी की स्थिति में अतिरिक्त लागत का बोझ भी स्वयं वहन करना होगा।

**रिकॉर्ड टूटा** 2014 में पहली बार शपथ लेने से लेकर 2019 में लगातार दूसरी बार और 2024 में ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने तक सेवा की है

## पीएम मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रमुख के तौर पर 12 साल पूरे कर लिए हैं। पीएम मोदी ने चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर 4,399 दिनों तक पद पर रहने का पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तुलना के लिए नेहरू के 1952 से शुरू हुए कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश के पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे।

हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 14 साल से ज्यादा समय तक पद पर रहीं, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था। इस वजह से पीएम मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने 2014 में पहली बार शपथ लेने से लेकर 2019 में लगातार दूसरी बार और 2024 में ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने तक सेवा की है।

पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दौर में कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और राष्ट्र-निर्माण प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए गए हैं, जिनमें नया संसद भवन, सेंट्रल विस्टा का रीडेवलपमेंट, कर्तव्य पथ, वंदे भारत ट्रेनें, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आईएनएस विक्रांत, कश्मीर रेल लिंक, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नमो भारत आरआरटीएस और गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इसी बीच,



नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) बुधवार को राजधानी में एक अहम बैठक करेगा। यह बैठक केंद्र में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बनने का जश्न मनाने के लिए आयोजित की जाएगी।

भारत मंडपम में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के शीर्ष नेताओं, एनडीए-शासित सभी 22 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ गठबंधन की सहयोगी पार्टियों के नेताओं के भी शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान एनडीए एक प्रस्ताव पास कर सकता है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी जाएगी।

इस कार्यक्रम में राजनाथ सिंह, अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और शिवराज सिंह चौहान समेत केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री और एनडीए के अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे।

यह बैठक एनडीए सरकार के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है और उम्मीद है कि इसमें गठबंधन की उपलब्धियों, भविष्य की नीतिगत प्राथमिकताओं और राजनीतिक रोडमैप पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मुख्य चचाएं शासन से जुड़ी पहलों, विकास कार्यक्रमों और आगामी चुनावी चुनौतियों की तैयारियों के इर्द-गिर्द होने की संभावना है।

# अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं एवं अत्याचार मामलों की हुई समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश कुमार ने बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं तथा अत्याचार के मामलों की प्रगति का जायजा लिया।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान आयोग सदस्य ने छात्रवृत्ति, पेंशन, आवास, स्वरोजगार एवं कौशल विकास जैसी केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

बैठक में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर हुए गंभीर अत्याचार के मामलों, दर्ज मुकदमों में की गई कार्रवाई तथा पीड़ितों को उपलब्ध कराई गई राहत एवं पुनर्वास सहायता की भी समीक्षा की गई। आयोग सदस्य ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने आयोग सदस्य को आश्वस्त किया कि अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं।

## शार्ट सर्किट से लगी भयंकर आग में लाखों रुपए का घरेलू सामान हुआ खाक, पडौसियों के सामूहिक प्रयासों से आग पर पाया गया काबू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** एक मकान की उपरी मंजिल में अचानक लगी आग से लाखों का घरेलू सामान जल कर राख हो गया। मकान को भी भारी क्षति पहुंची।

पडौसियों के सामूहिक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया लेकिन उससे पहले ही मकान का लगभग सारा सामान आग की भैंट चढ गया।

स्टेट हाइवे स्थित गुरुद्वारे के सामने नसीम पुत्र महमूद सलमानी का मकान है। मकान की निचली मंजिल में हेयरसैलून चलता है और उपरी मंजिल पर परिवार रहता है। मंगलवार की सुबह लगभग चार बजे अचानक मकान की उपरी मंजिल पर आग लग गई और थोड़ी देर में ही आग विकराल हो गई। उस समय परिजन गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक आंख खुली तो आग लगी देख अफरातफरी मच गई। पडौसियो ने दौड़ कर आग बुझाने का उपक्रम किया। सामूहिक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया लेकिन उससे पहले ही मकान का काफी सामान आग में जल गया। मकान की दीवारों और फर्श को भी भारी क्षति पहुंची है।



## गोभी बेचने दिल्ली सब्जी मंडी जा रहे किसान की वाहन से गिरकर दर्दनाक मौत, पीछे से आ रहे वाहन ने कुचला मौके पर ही दम तोड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गांव चरौरा मुस्तफाबाद निवासी किसान बंटी सैनी पुत्र प्रेमचंद सैनी उम्र लगभग 42 वर्ष रोजाना की भांति

**चरौरा मुस्तफाबाद में शोक की लहर दौड़ी**

बुधवार की सुबह सब्जी बेचने गोभी लाद कर पिक अप वाहन के उपर बैठ कर गाजीपुर सब्जी मंडी जा रहे थे। मेरठ दिल्ली हाईवे पर लाल कुएं के पास अचानक तेज झटका लगा जिसके



फलस्वरूप बंटी सिंह पिक अप से नीचे सड़क पर आ गिरे। उसी समय पीछे से आ रहे किसी वाहन ने सड़क पर गिरे बंटी को रौंद दिया। बंटी सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक ने अपने पीछे माता पिता,दो भाई, पत्नी,दो बेटे और दो बेटियां रोते बिलखते छोड़े हैं। पोस्टमार्टम के पश्चात मृतक का शव गांव लाया गया जहां गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मृदा परीक्षण अभियान व किसान सभा में किसानों को दी गई संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** कृषक भारती सेवा केंद्र (केबीएसके) गुलावठी के तत्वावधान में ग्राम चंदन की मड़ैया में किसान सभा एवं मृदा परीक्षण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान किरन सिंह ने की, जबकि संचालन कपिल सिवाल, प्रभारी केबीएसके गुलावठी ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सेवा केंद्र पर उपलब्ध उर्वरकों की जानकारी दी गई तथा मृदा परीक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। किसानों को बताया गया कि कृभको द्वारा मिट्टी की जांच निःशुल्क कराई जाती है, जिससे खेत की उर्वरता के अनुसार संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि, कृभको बुलंदशहर ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को फसलों में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह देते हुए कृभको के विभिन्न उत्पादों जैसे राइजोसुपर, जिंक, तरल जैव उर्वरक, एफओएम एवं प्राकृतिक पोटाश के लाभ तथा उनके प्रयोग की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



कार्यक्रम के अध्यक्ष किरन सिंह ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने और कृभको के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी किसानों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में गौरव तेवतिया, सुंदर सिंह, डिगराज सिंह, लीलू तेवतिया, दिनेश तेवतिया, राहुल तेवतिया सहित लगभग 50 किसान उपस्थित।

## प्रबुद्धजन सम्मेलन में सरकार की नीतियों पर हुई चर्चा, विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को धौलाना ब्लॉक सभागार में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, विधि और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक धर्मेश तोमर ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, डिजिटल सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।





विधायक ने प्रदेश सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ विकास परियोजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी अपने सुझाव रखे। अंत में राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए सामूहिक सहभागिता पर बल दिया गया।

## शिकारपुर तहसील का जनगणना सर्वे कार्य हुआ संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** तहसील क्षेत्र में चल रहे जनगणना सर्वे का कार्य बुधवार शाम तक पूरा कर लिया गया है। जबकि जनगणना सर्वे

**जनगणना सर्वे कार्य में शिकारपुर तहसील अग्रणी स्थान पर: तहसीलदार गौरव बिश्नोई**

कार्य को पूरा करने के लिए 20 जून तक का समय दिया गया था। लेकिन प्रगणकों और सुपरवाइजरों की टीम ने समय से पहले ही अपने कार्यों को निष्ठा और लगन के साथ पूर्ण कर दिखाया है।तहसीलदार गौरव बिश्नोई ने बताया है कि प्रगणक और सुपरवाइजरों को जनगणना सर्वे कार्य के लिए प्रत्येक गांव में लगाया गया था। सर्वे में लगाए गए प्रगणक और सुपरवाइजर की टीम ने बुधवार शाम तक पूरा कार्य कर लिया है । जनगणना सर्वे में जनपद में पहले नंबर पर शिकारपुर तहसील आई है। तहसीलदार गौरव बिश्नोई ने इस कार्य के लिए लगाए गए सभी सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का आभार व्यक्त किया है।






## दुर्घटना में युवक के निधन पर दिग्विजय शिशौदिया ने व्यक्त की संवेदना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** धौलाना क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी नौशाद की सड़क हादसे में हुई मृत्यु पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय शिशौदिया ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक के परिजनों से दूरभाष पर संपर्क कर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



दिग्विजय शिशौदिया ने कहा कि किसी युवा व्यक्ति का इस प्रकार अचानक दुनिया से चले जाना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि नौशाद के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

परिजनों से बातचीत के दौरान शिशौदिया ने उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक हर परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे तथा जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भाजपाइयों ने किया हवन यज्ञ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बुधवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री जूनियर हाई स्कूल चौढेरा में हवन यज्ञ कर प्रधानमंत्री मोदी की सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने की भाजपाइयों ने मनाई खुशियां मोदी के 12 वर्ष गरीब जन कल्याण सेवा सुशासन रक्षा सुरक्षा विकास और समृद्धि के 4399 दिन पूर्ण हुए जो पिछले प्रधानमंत्री से लगातार प्रधानमंत्री बने रहने में प्रथम इतिहास में नाम अंकित हुआ है। इसी खुशी में यशस्वी प्रधानमंत्री के उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना की और मोदी की सेवा सुशासन एवं जन कल्याण की योजनाओं से आशा और अपेक्षा है कि वह जनता के लिए इसी प्रकार की आत्म शक्ति के साथ भारत को वैभव शिखर पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे ।परबेन्दर देशवाल ने बताया भारतीय जनता पार्टी ने महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चलाई है एलआईसी में बीमा सखी लखपति दीदी समूह सखी के माध्यम से मातृशक्ति अपने सुनहरे सपना को एक ऊंची उड़ान दे सके युवाओं के लिए स्टार्टअप के माध्यम से अनेकों प्रकार के स्वरोजगार योजनाओं को संचालित किया है बुजुर्गों के लिए वृद्ध पेंशन दिव्यांगों के लिए दिव्यांग सम्मान निधि किसानों के लिए किसान सम्मान निधि उज्वला योजना सौभाग्य योजना सुमंगला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शौचालय जैसी सुलभ व्यवस्थाओं के साथ देश सुशासन सुरक्षा समृद्धि की ओर निरंतर रफ्तार भर रहा है। इस अवसर क्षेत्र के तामम भाजपाई महिला पुरुष हवन यज्ञ में हुए शामिल।



## पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निःशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण के आवेदन 16 जून से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय प्रकाश यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण शिक्षित एवं बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क ओ लेवल (O Level) एवं सीसीसी (CCC) कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है, वे 16 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक विभागीय वेबसाइट ? पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। obccomputertraining.up.gov.in जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उसकी प्रिंट कॉपी तथा समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रतियां 10 जुलाई 2026 सायं 5 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, कमरा संख्या-104, विकास भवन (भूतल), बुलंदशहर में अनिवार्य रूप से जमा करनी होंगी।

आवेदन पत्र एवं अभिलेख जमा किए जाने के बाद ही आवेदन पूर्ण माना जाएगा। उन्होंने पात्र युवक-युवतियों से निर्धारित समयावधि में आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

**सुशासन पर्व** केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यों को नई दिशा मिली है: धर्मेश तोमर

## 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया सुशासन पर्व, किया हवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को ग्राम खेड़ा स्थित शिव मंदिर में सुशासन पर्व के तहत विशेष हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर देश की प्रगति, समृद्धि और नागरिकों के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण, किसानों की उन्नति, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी, मंडल अध्यक्ष तेजवीर सिंह, हेमंत त्यागी, मनीष माहेश्वरी, योगेश राणा, नवीन तोमर, संगीता गहलोत, कुंचित राणा, रामकिशन, हिमांशु अग्रवाल, गुड्डू प्रजापति, नितेश तोमर, उमेश गौतम, शिवकुमार, पुनीत प्रधान, अमित तोमर, महेश प्रधान एवं भूपेंद्र तोमर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** उत्तर प्रदेश पुलिस





आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के तीसरे दिन प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने नगर के सर्वोदय इंटर कॉलेज, मारवाड़ी इंटर कॉलेज और श्री चंडी विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रवेश द्वारों पर की जा रही जांच, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की तैनाती का अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने अभ्यर्थियों को सुगम वातावरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की आवाजाही रही, जबकि सुरक्षा कर्मियों ने निर्धारित नियमों के तहत उनकी जांच की। दिनभर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जहांगीरपुर क्षेत्र के गांव जफरगढ़ में महिला का संदिग्ध अवस्था मे मिला शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीरपुर।** थाना जेवर क्षेत्र के गांव नगला



जफरगढ़ में एक महिला संदिग्ध अवस्था मे मिली मृतक महिला शिखा 21वर्षीय की शादी 21 फरवरी 2026 को पंकज पुत्र सतीश के साथ हुई थी जिसमें मंगलवार को महिला के आलावा घर पर कोई नहीं था अंदर से लग रही कुंडी का दरबाजा तोड़ा तो संदिग्ध अवस्था मे बेड पर पड़ी महिला के गले मे फंदा लगा मिला जब इस बात की सूचना जहांगीरपुर पुलिस चौकी को पता चली तो चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह में टीम के साथ घटना स्थल पर पहोच गए मृतक महिला का पति पंकज कासना के निकट प्राइवेट कंपनी मे नौकरी करता है मायके पक्ष से भी लोग मौके पर पहुंच गए पुलिस जांच में जुटी हुई है और शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नालों की सफाई में अतिक्रमण बन रहा है बाधा, निर्माण और स्वास्थ्य का चलेगा संयुक्त अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नालों की सफाई को लेकर निरीक्षण किया गया जिसमें कवि नगर तथा सिटी जोन में नालों की सफाई का जायजा लिया गया, जेसीबी पोकलेन व अन्य उपकरण के माध्यम से नालों की सफाई चल रही है कई स्थानों पर नालों पर हुए पक्के निर्माण की वजह से सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही है देखा गया, नगर आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को नालों की सफाई के लिए संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, नालों की सफाई में गति लाई जाए तथा अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए नालों को साफ कराया जाए निर्देश दिए गए।

**नालों की सफाई में तेजी विभाग नगर आयुक्त**







नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना टेंडर किए अपने संसाधनों से नालों की सफाई की जा रही है जिसमें प्रमुख नालों को प्राथमिकता पर साफ किया जा रहा है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 555 नाले है जिनमें बड़े नाले 89, मझोलें नाले 239, छोटे नाले 227 है जिसमें बड़े 65 नालों पर सफाई का कार्य जारी है, मीडियम 100 से अधिक नालों पर सफाई का कार्य जारी है, छोटे 150 नालों पर सफाई की जा चुकी है, नालों से निकली हुई सिल्ट को उठाने का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम ऐसे नालों की सफाई पर भी ध्यान दे रहा है जिन पर अवैध पक्का निर्माण है जिनके कारण से नालों की सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही है ।

सफाई सही तरीके से नहीं हो पा रही है जिसके लिए निर्माण तथा स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाएगा, आवश्यकता को देखते हुए नालों पर डाले हुए स्लैब को पंचर करते हुए नाला की सफाई का कार्य कराया जाए शहर वासियों को असुविधा न हो आवागमन ट्रैफिक का सरल बना रहे विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए साथ ही शहर वासियों को भी नालों की सफाई में सहयोग करने के लिए अपील की गई है' नगर आयुक्त द्वारा नवयुग मार्केट, ठाकुरद्वारा, पटेल नगर, नसीरपुर फाटक, नेहरू नगर स्थित नालों की सफाई का जायजा लिया गया ।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा को जिला जेल में मिला गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने मंगलवार को जिला कारागार गाजियाबाद का भ्रमण एवं विस्तृत निरीक्षण किया।कारागार परिसर में उनके आगमन पर सुरक्षा बलों द्वारा उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया गया तथा जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।निरीक्षण के दौरान माननीय अध्यक्षा ने महिला परिसर का दौरा कर महिला बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया।उन्होंने महिला बंदियों की समस्याओं, स्वास्थ्य सुविधाओं, खान-पान, विधिक सहायता तथा उनके साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा और देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बच्चों से भी उनके खान-पान, चिकित्सा सुविधाओं, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बारे में बातचीत की गई।इस दौरान उन्होंने महिला अहाते में स्थित पाकशाला, अस्पताल, क्रेच तथा बालक्रीड़ा स्थल का निरीक्षण किया। महिला बंदियों के लिए संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों जैसे सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, प्रौढ़ शिक्षा एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।महिला अहाते में स्थापित 'कल्पना चावला पुस्तकालय' का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान और आत्मविकास का सशक्त माध्यम है तथा इसके जरिए महिला बंदियां स्वयं को सशक्त और स्वावलंबी बना सकती हैं।इस अवसर पर महिला बंदियों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। माननीय अध्यक्षा ने बच्चों को पुस्तकें एवं मिष्ठान वितरित किए तथा महिला प्रांगण में आम्रपाली आम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।महिला बंदियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कारागारों में महिलाओं को बेहतर भौतिक सुविधाएं, सम्मानजनक वातावरण, विधिक सहायता तथा सकारात्मक मानसिक परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि उनके हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और वे समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ सकें। उन्होंने महिला बंदियों के कल्याण और कौशल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।महिला परिसर के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कारागार परिसर में स्थापित नौग्रह वाटिका एवं डॉ. सम्पूर्णानन्द पुस्तकालय का भी अवलोकन किया।पुस्तकालय की साज-सज्जा, स्वच्छ व्यवस्था और विभिन्न विषयों की उपलब्ध पुस्तकों की उन्होंने प्रशंसा की।साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई और अनुशासित व्यवस्थाओं की भी सराहना की। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने उन्हें कारागार में संचालित बंदी सुधार एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर बंदियों द्वारा तैयार की गई एक आकर्षक पेंटिंग स्मृति-चिह्न स्वरूप माननीय अध्यक्षा को भेंट की गई।इस अवसर पर जेलर के.के. दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी वाई.पी. सिंह, एसीपी सुश्री प्रियाश्री पाल, अतिरिक्त सचिव सुश्री राधिका चक्रवर्ती, उपनिदेशक श्रीराम अवतार सिंह, विशेष समन्वयक सुश्री नेहा महाजन, उपजेलर बृजेश नारायण पांडेय, शिवानी यादव, सुश्री विजयलक्ष्मी गुप्ता, सुश्री करूणेश कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।









# जनगणना कार्य में लापरवाही पर सख्त हुए डीएम, पांच चार्ज अधिकारियों से मांगा जवाब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में चल रहे जनगणना कार्य की धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कड़ा रुख अपनाया है। जनगणना कार्य की समीक्षा के दौरान पांच चार्ज अधिकारियों के क्षेत्रों में कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। समीक्षा में सामने आया कि कई क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले जनगणना कार्य काफी पीछे चल रहा है। अधिशासी अधिकारी मोदीनगर के क्षेत्र में 253 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में से केवल 96, खोड़ा में 1040 में से 383, लोनी में 1393 में से 842, मुरादनगर में 173 में से 83 तथा तहसीलदार लोनी के क्षेत्र में 152 में से मात्र 62 एचएलबी का कार्य पूरा किया गया है। प्रशासन ने इसे अत्यंत धीमी और असंतोषजनक प्रगति माना है।



जिलाधिकारी ने जारी स्पष्टीकरण पत्र में कहा है कि मुख्य सचिव स्तर पर भी जनगणना कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गई है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार समीक्षा, दिशा-निर्देश और चेतावनी दिए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण और अनुश्रवण में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई, जिससे निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य भारत सरकार का महत्वपूर्ण सांविधिक दायित्व है और इसके निर्वहन में लापरवाही जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्य को प्राथमिकता न देने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रभावी निगरानी न करने के कारण प्रगति बाधित हुई है।

सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ प्रगणकों और सुपरवाइजरों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर तथ्यात्मक एवं साक्ष्ययुक्त जवाब तत्काल प्रस्तुत करें। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उनके विरुद्ध जनगणना अधिनियम की धारा 11 एवं सेवा नियमों के तहत विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की जा सकती है।

# निगम अधिकारियों सहित नगर आयुक्त ने संभव में सुनी जन समस्याएं प्राप्त हुए 22 संदर्भ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की गई जिसमें मौके पर सभी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से प्राप्त हुए, निर्माण विभाग से 10, स्वास्थ्य विभाग से 01, उद्यान विभाग से 03, प्रकाश विभाग से 1, टैक्स विभाग से 1, जलकल विभाग से 2, संपत्ति विभाग से02, अतिक्रमण संबंधित 02 संदर्भ प्राप्त हुए इस प्रकार संभव के अंतर्गत 22 संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही कराई गई । नगर आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश टीम को दिए गए जलकल तथा निर्माण विभाग को विशेष रूप से प्राप्त संदर्भों पर तेजी से कार्य करने के लिए कहा गया, संभव में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रकाश विभाग से शीशमणि यादव व अन्य टीम उपस्थित रही ।



# डीपीएस चौक बने महाराणा प्रताप चौक, प्रताप विहार क्षेत्र के लिए होगा हर्ष का विषय: पं राजेश शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** भारतीय सनातन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पं राजेश शर्मा ने सिद्धार्थ विहार डीपीएस चौराहे का नाम वीर महाबली महाराणा प्रताप के नाम पर करने को लेकर लिखा नगर आयुक्त को पत्र पं राजेश शर्मा ने बताया महाराणा प्रताप अपनी वीरता, त्याग, देशभक्ति और अदम्य साहस के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने मुगल सम्राट अक्बर की अधीनता स्वीकार नहीं की और मेवाड़ की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया।

1576 में लड़ा गया भारतीय इतिहास की सबसे प्रसिद्ध लड़ाइयों में से एक माना जाता है। उनके प्रिय घोड़े Chetak की स्वामिभक्ति और वीरता की कहानी भी आज तक याद की जाती है। कठिन परिस्थितियों में भी महाराणा प्रताप ने कभी हार नहीं मानी और अपने राज्य की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। डीपीएस स्कूल के पास स्थित लाल बत्ती चौराहे का नाम वीर महाबली महापुरुष महाराणा प्रताप जी के नाम पर करने से क्षेत्र की जनता एवं आने वाली युवा पीढ़ी के लिए बड़े ही हर्ष,गर्व तथा ज्ञान का विषय होगा जिसको लेकर नगर आयुक्त महोदय को पत्र लिखा गया है।

# हरिद्वार शिविर के बाद होगी महापंचायत, किसानों की समस्याओं पर आंदोलन की चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक बुधवार को दनकौर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजाराम प्रधान ने तथा संचालन सुनील प्रधान ने किया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, किसान समस्याओं और संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 15 से 18 जून तक हरिद्वार में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में टेंट, भोजन, आवास एवं स्वयंसेवकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी कार्यकर्ताओं से झंडा-डंडा साथ लाने का आह्वान किया गया। शिविर के दौरान संगठन का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा।

भाकियू नेताओं ने बताया कि हरिद्वार शिविर के बाद 18 जून के पश्चात गौतमबुद्ध नगर में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत में किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड, आबादी निस्तारण तथा बिजली दरों से संबंधित मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

बैठक में प्रशासन को आठ दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, 10 प्रतिशत प्लॉट, आबादी निस्तारण, खाद की कालाबाजारी पर रोक तथा नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने जैसी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संगठन विस्तार पर जोर देते हुए सभी गांवों में भाकियू की इकाइयों का गठन शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही "किसान युवा संवाद" कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के राष्ट्रीय महामंत्री पवन खटाना ने कहा कि यदि किसानों की मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो हरिद्वार शिविर से राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बड़े आंदोलन एवं महापंचायत की घोषणा की जाएगी। बैठक में राजे प्रधान, धनीराम शर्मा, राजपाल सिंह, ऋषि सिंह, हनीफ लाला चौधरी, संदीप खटाना, योगेश भाटी, नवनीत खटाना, बृजपाल सिंह, सनी तंवर, अनिल धामा, अमित आदित्य शर्मा, मनीष सिंह, अमित जैलदार, सचिन, संदीप एडवोकेट, सचिन कसाना, अनिल, अमित डेढ़ा, गुलफाम, राकेश चौधरी, कपिल तंवर, चिराग बैसला, परविंदर मावी, लाला यादव, प्रकाश फौजी, केशव शर्मा, विजेंद्र सिंह उर्फ लाल पीलवान, इंद्रजीत, इंद्रीश चेची, सरवर हुसैन, सुभाष, अर्जुन प्रधान, सूरज भाटी, कालू भाटी, विदुर भाटी, सतेंद्र भाटी, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र चौधरी, शाकिर सैफी, जीते मास्टर, पवन खटाना, अनित कसाना, सुरेंद्र नागर, बेली भाटी, शमशाद सैफी, अकबर अली, धर्मपाल सिंह, ताराचंद, अशोक कुमार, चंद्रपाल सिंह, अजीत अधाना, ऋषि गुर्जर, गुल्लू अट्टा, धर्मेंद्र भाटी, रामकुमार शर्मा, आलोक शर्मा, सुरेश नागर, वीरपाल नागर, हसरत सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गरीब और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने चलाया विशेष अभियान "हकदारों का गृह प्रवेश"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस की तरह जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए अवैध कब्जों से मुक्ति दिलाने की पहल से प्रशासन पर बढ़ी लोगों की उम्मीद जिलाधिकारी द्वारा गरीब एवं पीड़ित परिवारों की संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों को हटाकर वास्तविक हकदारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। इस अभियान से प्रेरित होकर अनेक पीड़ित परिवार जनसुनवाई में पहुंचे और अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। फरियादियों ने कहा कि उन्हें प्रशासन की इस कार्रवाई से न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। कई लोगों ने अपनी भूमि, मकान और अन्य संपत्तियों पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी से न्याय की मांग की। साहब हमें भी न्याय दिलाइए फरियादियों की गुहार जनता दर्शन के दौरान अनेक गरीब एवं पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी व्यथा रखी। फरियादियों ने कहा कि वे लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें न्याय की आवश्यकता है। लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि जिस प्रकार अन्य पीड़ितों को राहत दिलाई जा रही है, उसी प्रकार उनकी समस्याओं का भी समाधान कराया जाए।



**जागरूकता प्रशिक्षण**

## साइबर क्राइम, फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट से बचाव पर किया गया जागरूकता प्रशिक्षण

# यू.पी.गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन की 43वीं महासमिति एवं वृहद आमसभा-2026 सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यू.पी. गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन (पंजीकृत), गाजियाबाद की 43वीं महासमिति एवं वृहद आमसभा-2026 का आयोजन आई.एम.ए. भवन, सेक्टर-8, राजनगर, गाजियाबाद में अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिप्रकाश ने की तथा संचालन महासचिव रामप्रकाश सारस्वत द्वारा किया गया। सभा में बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर्स ने सहभागिता कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महासचिव रामप्रकाश सारस्वत ने सभा के उद्देश्यों एवं एजेंडा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1984 से स्थापित यह संस्था प्रदेश के राजपत्रित अधिकारियों की एक प्रमुख पंजीकृत संस्था है, जो संविधान एवं नियमावली में वर्णित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरंतर सक्रिय है। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में कार्यकारिणी बैठकों, कार्यालय संचालन, नेशनल इन्क्रीमेंट एवं राशीकरण की वर्तमान स्थिति, फैमिली पेंशन प्रकरणों, 80 एवं 85 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स को मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन, कोषागार पोर्टल अपडेट, आठवें वेतन आयोग तथा संगठन की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र गर्ग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण तथा वर्ष 2026-27 का प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया, जिसे सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। महासचिव सारस्वत ने विभिन्न शासनादेशों की उपयोगिता एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।





सभा में महासचिव द्वारा एसोसिएशन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। इसके अतिरिक्त संगठन के संविधान एवं नियमावली से संबंधित आवश्यक संशोधनों एवं बिंदुओं पर भी चर्चा कर उन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया।

इस अवसर पर टेलीफोन डायरेक्टरी-2026 के द्वितीय संस्करण का विमोचन मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सदस्यों को पेंशनर्स किट एवं उसमें सुरक्षित रखे जाने वाले महत्वपूर्ण अभिलेखों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई तथा परिवार के सदस्यों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम का विशेषल्ल आकर्षण साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र रहा, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा वरिष्ठ पेंशनर्स को डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी तथा अन्य ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उपस्थित पेंशनर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चले कार्यक्रम में ललित गुप्ता, विनोद कुमार, सुभाष गर्ग, रवेन्द्र कुमार, राजकुमार त्यागी, सोरन सिंह, एस.डी. गर्ग, एम.एल. शर्मा, श्याम सुन्दर भारद्वाज एवं ओ.पी. अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। सभा में 14 नए सदस्यों का स्वागत किया गया। साथ ही किरण रेखा, जया गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, नवीन जैन, रेखा रानी एवं डॉ. ओ. पी. अग्रवाल को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष उपस्थित सदस्यों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात दिवंगत पाँच सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभा का समापन किया गया ।

# अलीगढ़ में योग प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों के अंतर्गत राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, छेरत में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कॉमन योग प्रोटोकॉल (CYP) का अभ्यास कराया गया तथा इस वर्ष की थीम "Yoga for Healthy Ageing' के महत्व पर जानकारी दी गई।

योग प्रशिक्षक शिवा पाठक, ज्योति राघव, योग सहायक कृष्णवीर सिंह एवं ललिता चौधरी ने प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में पांच छात्र प्रशिक्षकों का चयन भी किया गया। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भी योग जनजागरूकता



अभियान चलाया गया। अंजू राजौरिया द्वारा इगलास, प्रमोद कुमार द्वारा चंडौस, सत्येंद्र कुमार द्वारा गौमत तथा प्रशांत माहेश्वरी द्वारा नगर क्षेत्र के पार्कों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 215 लाभार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें 125 पुरुष एवं 90 महिलाएं शामिल रहीं।

# हाईस्पीड रेल परियोजना की तार चोरी, सात आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)**। आरपीएफ ने हाईस्पीड रेल परियोजना से लाखों रुपये की ओएचई (फीडर) वायर चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में छह चोरों और एक रिसीवर सहित कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

बुधवार 10 जून 2026 को रेलवे स्टेशन के सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह ने दी। आरोपियों ने महरावल-कुलवा और मडराक रेलवे स्टेशन के बीच बिछाई जा रही नई फीडर लाइन की तारें काटकर चोरी की थीं। उनके कब्जे से चोरी की गई वायर, तार काटने में इस्तेमाल किए गए कटर और वारदात में प्रयुक्त एक सुपर कैरी गाड़ी बरामद की गई है।

आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार, चोरों ने वारदात से पहले पूरी रेकी की थी। वे ऐसे रास्तों का चुनाव करते थे जहां सीसीटीवी कैमरे न हों और टोल प्लाजा से भी बचते हुए निकलते थे। चोरी की गई तारों को वाहन में भरकर अलीगढ़ में बेचा जाता था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने रेलवे के अलावा बिजली विभाग की तारें चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह ने बताया कि यह गिरोह बेहद शातिर है और लंबे समय से सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। रेलवे और स्थानीय पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी गहनता से जांच कर रही है। पकड़े गये अभियुक्तों में थान सिंह उर्फ छोटू पुत्र राजेन्द्र सिहं




निवासी कस्तली पला थाना जवॉ जिला अलीगढ, सचिन कुमार पुत्र हीरालाल निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं0-04 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, सन्नी पुत्र स्व0 वीरपाल निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं0-04 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, नरेन्द्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं0-04 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, जयन्ती प्रसाद पुत्र काली चरण निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला जीशान अली पुत्र शहाबुद्दीन निवासी कसाई/कुरैशाी मोहल्ला वर्ड नं0-14 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, मुजफ्फर पुत्र मुक्तार निवासी मदीना कालोनी भोजपुर पुराना बाईपास थाना सासनी गेट जिला अलीगढ़। (रिसीवर कबाड़ी) शामिल है।

# पुलिस ने तीन पशु चोरों को गिरफ्तार किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। अकराबाद थाना पुलिस ने तीन पशु चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की दो भैंस, 69 हजार रुपए की नकदी, एक अवैध तमंचा, एक चाकू और घटना में प्रयुक्त मैक्स वाहन बरामद किया गया है।

एसपी ग्रामीण मनीष कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित एक प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि 5 जून को ग्राम दुम्हैरा से दो भैंस चोरी होने और इससे पहले ग्राम मनीपुर में तीन भैंस चोरी होने के मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।

जांच के दौरान अकराबाद पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत शाहरुख, रजाक उर्फ रज्जाक और विपिन उर्फ काला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने चार अन्य साथियों के



साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। बरामद की गई दो भैंसें दुम्हैरा चोरी कांड से संबंधित बताई गई हैं, जबकि बरामद नकदी पशुओं की बिक्री से प्राप्त होना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस अब गिरोह के फरार चार अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया है।

# दीवानी कचहरी,जवाहर भवन और सड़क की दोनों ओर भरा पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। नगर निगम का मुख्य कार्यालय है जवाहर भवन और अलीगढ़ की जिला जज की कोर्ट और अलीगढ़ का ऐतिहासिक घंटाघर पर सड़क की

**अधिवक्तओं ने जताया आंक्रोश नगर निगम के प्रति जताया आक्रोश**

दोनों ओर जल भराव से अधिवक्ताओं का काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश का समय आने वाला है नाले गंदगी से भरे पड़े हैं गंदगी के ढेर पड़े हुए हैं पानी नलों में आगे नहीं जा रहा है पानी सड़क पर अभी से भरा पड़ा हुआ है, बरसात आने वाली है उस समय सड़क से निकलना भी मुश्किल होगा दीवानी मैं अंदर कई-कई फीट पानी भर जाता है जिससे अधिवक्ताओं को और वादकारियों को काफी असुविधा होती है अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा आने वाले समय में हो सकता है इसलिए नगर आयुक्त से जनहित में अनुरोध है कि बरसात के आने से पहले से दीवानी कचहरी रोड के दोनों तरफ के नालो की तुरंत साफ करवाई जाए तथा शहर में जो सड़क बन रही है उनकी साइट के किनारे शीघ्र बनवा जाए उनकी टूट-फूट से जो टूटा फूटा मेटेरियल सड़क पर पड़ा है उसको हटाया जाए ,वरना बरसात के दिनों में जब पानी भरेगा तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के



राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा है कि स्मार्ट सिटी बरसात आने वाली है उस समय सड़क से निकलना भी मुश्किल होगा।

दीवानी में अंदर कई-कई फीट पानी भर जाता है, जिससे अधिवक्ताओं को और वादकारियों को काफी असुविधा होती है अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा आने वाले समय में हो सकता है इसलिए नगर आयुक्त महोदय से जनहित में अनुरोध है कि बरसात के आने से पहले से दीवानी कचहरी रोड के दोनों तरफ के नालो की तुरंत साफ करवाई जाए तथा शहर में जो सड़क बन रही है उनकी साइट के किनारे शीघ्र बनवा जाए। उनकी टूट-फूट से जो टूटा फूटा मेटेरियल सड़क पर पड़ा है उसको हटाया जाए ,वरना बरसात के दिनों में जब पानी भरेगा तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# ओम एंटरप्राइजेज में लगी भीषण आग सिलेंडर और स्कूटी की टंकी फटी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। गांधी पार्क थाना क्षेत्र स्थित भदेशी रोड पर ओम एंटरप्राइजेज में 9/10 जून 2026 की मध्य रात्रि भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि परिसर में रखा एक सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सिलेंडर फटने के बाद आग और अधिक भड़क गई। आग की चपेट में आने से एक स्कूटी की पेट्रोल टंकी भी फट गई, जिससे कई और धमाके हुए। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और वे सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को आसपास की दुकानों और इमारतों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा और क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा रही।



# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में



चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/ गांव/कस्बा/ स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया।

# 12 जून को एएमयू के कैनेडी ऑडिटोरियम में होगी मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़** । मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि मा० राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश सरकार, दिनेश प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में अलीगढ़ एवं आगरा मण्डल की मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन 12 जून को प्रातः 10 बजे से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैनेडी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस गोष्ठी में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना विकास, पंचायत राज एवं महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों एवं आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजन स्थल पर आकर्षक एवं उत्कृष्ट विभागीय स्टॉल स्थापित कराएं और योजनाओं से संबंधित साहित्य, प्रदर्शन सामग्री एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकाधिक कृषक एवं लाभार्थी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। गोष्ठी में अलीगढ़ एवं आगरा मंडल एवं बुलन्दशहर के कृषक, उद्यान उत्पादक, स्वयं सहायता समूह, प्रगतिशील किसान एवं विभागीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

# हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार किसान और गाय की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)**। पाली क्षेत्र के मुकीमपुर थाना अंतर्गत नरूपुरा कटका गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में टूटकर गिरे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से 45 वर्षीय चंद्रकेश पुत्र रज्जन सिंह और उनकी गाय की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, चंद्रकेश मंगलवार शाम करीब चार बजे अपने पशुओं को चराने के लिए खेत में गए थे। बताया गया कि खेत में खड़ी मक्के की फसल के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का एक 11 हजार वोल्ट का तार पहले से टूटा हुआ था और जमीन के पास लटक रहा था। तार में लगातार करंट प्रवाहित हो रहा था। खेत में पहुंचते ही चंद्रकेश की गाय करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अपनी गाय को बचाने के प्रयास में चंद्रकेश ने उसे छुड़ाने की



कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। तेज करंट लगने से उनकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 14 से 16 जून तक हर विकास खंड में लगेंगे जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले, योजनाओं का लाभ पहुंचेगा घर-घर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ अलीगढ़ (मनोज चौहान)** । जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और आमजन के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को प्रदर्शित करने के लिए 14 से 16 जून तक जिले के सभी विकास खंडों में व्यापक स्तर पर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ह्यसेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मानह्न की भावना के अनुरूप किया जाएगा, जिसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों की सफलता के लिए वर्चुअल बैठक के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रत्येक विकास खंड के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजनों के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी विकास खंडों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, जहां स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभान्वित करने की व्यवस्था भी रहेगी।



जनकल्याण शिविरों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में जानकारी एवं लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों की सफलता की कहानियों का प्रदर्शन कर जनसामान्य को प्रेरित किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य को समस्त जनकल्याण शिविरों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि लखनऊ से नामित नोडल अधिकारी शिविरों

**नई उड़ान** — छात्र माइकल और उनकी टीम ने स्वदानंद पहल की शुरूआत की, जबकि आलोक और उनकी टीम ने साबुन एवं डिटर्जेंट पाउडर निर्माण कंपनी स्थापित की है

# युवा उद्यमिता को नई उड़ान दे रहा मंगलायतन का इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)**। युवाओं को नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलायतन विश्वविद्यालय का यूनिवर्सिटी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (यूआईआईसी) विद्यार्थियों के स्टार्टअप और नवाचारों को नई पहचान देने का कार्य कर रहा है। यहां युवा उद्यमियों को मंच, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दिया जाता है।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा मिशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य युवा नवाचारकों को मेंटरशिप, वित्तीय सहयोग, इन्क्यूबेशन सुविधाएं और उद्योग जगत से जुड़ाव उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदल सकें। कुलसचिव मनोज के. ने बताया कि विश्वविद्यालय का इन्क्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत रुचि आधारित विचारों को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वर्तमान में कई छात्र तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में अपने स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने बताया कि हम केवल स्टार्टअप को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सेतु का कार्य भी कर रहे हैं। सेंटर के माध्यम से नियमित रूप से कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्र आधुनिक व्यावसायिक चुनौतियों के अनुरूप कौशल विकसित कर सकें। विशेष बात यह है कि विश्वविद्यालय ने बाहरी नवाचारकों,




निवेशकों और मेंटर्स के लिए भी अपने द्वार खोल दिए हैं। इच्छुक आविष्कारक, निवेशक और विशेषज्ञ इस इन्क्यूबेशन सेंटर से जुड़कर नवाचार आधारित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं। यूआईआईसी के अध्यक्ष प्रो. रविकांत ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा मिशन के साथ सहयोग प्रदेश के युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा और स्टार्टअप इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के सहयोग और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से मंगलायतन विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

छात्र माइकल और उनकी टीम ने स्वदानंद पहल की शुरूआत की, जबकि आलोक और उनकी टीम ने साबुन एवं डिटर्जेंट पाउडर निर्माण कंपनी स्थापित की है। वहीं, प्रतीक और उनकी टीम ने इवेंट मैनेजमेंट कंपनी शुरू कर उद्यमिता की दिशा में कदम बढ़ाया है।

इसके अलावा छात्र नए विचारों को साकार करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए जुड़ रहे हैं।

# नपा व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान

**सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ी, 4 हजार का वसूला जुर्माना**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को नगर पालिका परिषद व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। टीम ने बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़कर



चार हजार का जुमार्ना वसूल किया गया।

आपको बता दें,कि शासन के निर्देश पर बुधवार को नगर पालिका परिषद व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त की टीम द्वारा शहर के बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने दुकान से 2.4 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़कर दुकानदार से 4000 का जुमार्ना वसूल किया गया। गौरतलब है,कि सिंगल यूज प्लास्टिक 500 वर्ष तक नष्टद्द नहीं होता है,एक पालीथीन को खत्म होने पर 400 से अधिक वर्ष लगते है। प्लास्टिक मिट्टी में मिलकर उसकी उर्वरता को खत्म करती है,पानी सोखने की क्षमता घटती है,नालियां जाम होती है,जिससे शहरों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पालीथीन खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है।

## सदर विधायक,कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की दीघार्यु की कामना की

# पीएम मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर हवन व प्रसाद वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर निरंतर 4399 दिन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर हापुड़ विधान सभा क्षेत्र से भाजपा सदर विधायक ने हवन कर प्रसाद का वितरण किया। साथ ही विधायक व कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की दीघार्यु की कामना की।

बुधवार को भाजपा सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्रसेवा में निरंतर सफलता की कामना हेतु हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंदिर में आयोजित हवन के समय उपस्थित कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु तथा राष्ट्र के सतत विकास एवं समृद्धि की कामना करते हुए हवन में आहुति दी तथा प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल,जिला महामंत्री कपिल एसएम, दक्षिण मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा,उत्तरी मंडल अध्यक्ष प्रशांत त्यागी,बाबूगढ़ मंडल अध्यक्ष कपिल सिंघल,देहात मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र राणा,मंडल महामंत्री विवेक गर्ग सोनू गर्ग, उमेश त्यागी,मंडल उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना,मंडल प्रभारी सोशल मीडिया अमरजीत चौधरी, सागर प्रजापति,प्रियंका राणा,श्रीराम प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देहरा गंगा नहर से मिला अज्ञात युवक का शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** बुधवार को धौलाना की देहरा झाल गंग नहर में बहकर जा रहे एक युवक के शव को सूचना मिलने पर तत्काल धौलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया । स्थानीय लोगों से मृतक के संबंध में जानकारी जुटाई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। तब पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मृतक के शव के फोटो को सोशल



मीडिया और अपने स्तर पर आस पास के थानों में भेज जानकारी जुटाई तो सार्थक परिणाम मिल गए । दो घंटे के अंदर ही मृतक की शिनाख्त हो गई । धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने बताया की टीम की मेहनत और सभी के सहयोग से मृतक की शिनाख्त सेफी पुत्र कालू खान निवासी ढूँढ़ाहेड़ा गली नंबर दो गाजियाबाद के रूप में हो गई । परिजनों को सूचित किया जा चुका है । धौलाना थानेदार ने सभी के सहयोग पर आभार व्यक्त किया ।

# कलेक्ट्रेट की दीवारों पर ब्रजघाट की सुंदर तस्वीरें अंकित कराईःडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ब्रजघाट की मनमोहक एवं आकर्षक छवि को जनपद के 'एक जनपद-एक उत्पादइके अंतर्गत

- **तीर्थ नगरी ब्रजघाट पवित्र स्थल के महत्व की आमजन को मिलेगी जानकारी**
- **एक जनपद-एक उत्पाद के तहत निर्मित बेड पर ब्रजघाट की मनमोहक छवि प्रिंट कराई**

निर्मित बेडशीट पर प्रिंट कराकर एक अभिनव एवं सराहनीय संयुक्त प्रस्तुति तैयार की गई है।

जिलाधिकारी कविता मीना ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर की





दीवारों पर ब्रजघाट की सुंदर तस्वीरें अंकित कराई गई हैं,जिससे वहां आने-जाने वाले आमजन को इस पवित्र स्थल के महत्व की जानकारी प्राप्त हो सके। यह प्रयास न केवल जनपद की सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को प्रदर्शित करता है, बल्कि लोगों को ब्रजघाट जाकर धर्मलाभ प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित करता है।

उन्होंने बताया कि जनपद के पिलखुवा में निर्मित होने वाली बेडशीट पर सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल ब्रजघाट की मनमोहक एवं आकर्षक तस्वीर को प्रमुखता के साथ छापा गया। इस पहल का उद्देश्य जनपद के कारीगरों की कला एवं कौशल को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है साथ ही पिलखुवा के हस्तशिल्प उत्पादों को नई पहचान एवं विस्तृत बाजार उपलब्ध कराना भी है।

डीएम ने कहा कि इस नवाचार से न केवल ब्रजघाट के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा तथा उनके लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

ओडीओपी योजना के माध्यम से जनपद के विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ 'आत्मनिर्भर भारतइ के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के नवाचार आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे, जिससे जनपद की विशिष्ट पहचान को और अधिक सशक्त बनाया जा सके तथा स्थानीय उत्पादों, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिलता रहे।

# ट्रैफिक एडवाइजरी जारीः मेरठ रोड फ्लाई ओवर पर आगामी 20 जून तक रहेगा बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित फ्लाई ओवर की मरम्मत कराने के लिए 10 जून की रात्रि 8.00 बजे आगामी 20 जून की रात्रि 8:00 बजे वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय

- **दस दिनों में फ्लाई ओवर की मरम्मत कराई जायेगी**
- **सीओ ट्रैफिक ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की,जिससे लोगों को परेशानी नहीं हो सके**

सिंह के निर्देश पर सीओ ट्रैफिक द्वारा ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गयी है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

सीओ ट्रैफिक राहुल यादव ने बताया कि बुलंदशहर से मेरठ जाने वाली गाडियां- बुलंदशहर से आने वाली और मेरठ की तरफ जाने वाली सभी तरह की गाडियां तातारपुर से सोना पेट्रोल पंप होते हुए मेरठ जाएंगी। मोदीनगर रोड पर बुलंदशहर से आने वाली सभी तरह की गाडि?ां सोना पेट्रोल पंप से पिलखुवा त्रस् फाटक, दतेड़ी गेट, भोजपुर



होते हुए अपनी मंजिल की ओर जाएंगी। बुलंदशहर से मोदीनगर रोड पर जाने वाली सभी तरह की गाडियां सोना पेट्रोल पंप, ततारपुर, टियाला, खरखौदा, मोहिद्दीनपुर, मोदीनगर से होकर अपनी मंज़िल तक जाएंगी। मेरठ से बुलंदशहर/गाजियाबाद बस- मेरठ से बुलंदशहर/गाजियाबाद बस साइलो पुलिस चौकी द्वितीय से,टियाला और ततारपुर होते हुए अपनी-अपनी मंजिल तक जाएंगी, मेरठ से मोदीनगर रोड पर जाने वाली सभी तरह की गाडि?ां खरखौदा, मोहिद्दीनपुर, मोदीनगर से होकर अपनी मंजिल तक जाएंगी। मोदीनगर रोड पर मेरठ से टियाला, ततारपुर, सोना पेट्रोल पंप, पिलखुवा जी. की ओर जाने वाली सभी तरह की गाडियां एस फाटक, दतेड़ी गेट, भोजपुर होते हुए अपनी मंजिल तक पहुंचेंगी। मुरादाबाद, अमरोहा से मोदीनगर जाने वाली गाडियां तातारपुर,टियाला, खरखौदा और मोहिद्दीनपुर से होकर अपनी मंज़िल तक जाएंगी।मुरादाबाद, अमरोहा से मोदीनगर जाने वाली गाडियां तातारपुर, सोना पेट्रोल पंप, पिलखुवा जिला एस. फाटक, यह दतेड़ी गेट,भोजपुर होते हुए अपनी मंजिल तक पहुंचेगी। गाजियाबाद, पिलखुवा से मोदीनगर जाने वाली गाडियां गाजियाबाद, पिलखुवा से मोदीनगर की ओर जाने वाले वाहन पिलखुवा जीएस फाटक दतैड़ी गेट भोजपुर होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।

# नपा निर्माण विभाग कार्यालय से अधिकारी नदारद,लोगों का धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को मेरठ रोड स्थित गांधी विहार कालोनी निवासियों ने नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग कार्यालयों से अधिकारियों के नदारद होने पर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही

**वार्ड 21 के लोगों ने समस्याओं के समाधान कराने की उठाई मांग**

वार्ड में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग की।

मेरठ रोड स्थित गांधी विहार कालोनी निवासी अवनीश कश्यप ने बताया कि वार्ड नंबर 21 में नाली,सड़क की दुर्दशा,गंदा पानी मकानों की नींव में भरने तथा जल भराव की समस्याओं के



समाधान कराने की मांग को लेकर गत 4 जून को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को पत्र सौंपा था। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि वह अन्य लोगों के साथ बुधवार की शाम चार बजे नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग कार्यालय में पहुंचे,जहां अधिकारियों के नदारद होने पर उनके द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं कराने पर व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारी, डीएम ने योग सप्ताह के सफल आयोजन को अधिकारियों को निर्देशित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक आयोजित किए जाने वाले योग सप्ताह के

**आगामी 15 जून से 21 जून तक मनाया जायेगा योग सप्ताह**

सफल एवं व्यापक आयोजन हेतु बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने बैठक कर आयुष विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों,शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों तथा संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि योग केवल रोगों की रोकथाम का माध्यम नहीं,बल्कि स्वस्थ,सक्रिय एवं आत्मनिर्भर जीवन का आधार है। योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में इस वर्ष की थीम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा आमजन, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को योग के नियमित अभ्यास हेतु प्रेरित किया जाए।



जिलाधिकारी ने जनपद में योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के कन्या इंटर कॉलेजों एवं अन्य बालिका शिक्षण संस्थानों में पीसीओडी एवं पीसीओएस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु संबंधित योगासनों एवं जीवनशैली संबंधी सुझावों पर आधारित होर्डिंग एवं सूचना सामग्री स्थापित की जाए,जिससे छात्राओं को योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे योगासनों एवं योगाभ्यासों का प्रचार-प्रसार किया जाए जो शरीर की सही मुद्रा, शारीरिक संतुलन, बॉडी एलाइनमेंट, लचीलापन तथा स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में सहायक हों। इसके लिए पार्कों, सामुदायिक केंद्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर जागरूकता संबंधी होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री लगाये।

आयुष विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि योग सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न स्थलों पर प्रतिदिन योग प्रशिक्षण,जागरूकता कार्यक्रम एवं सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे,जिनके माध्यम से आमजन को योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों से परिचित कराया जाएगा।

## शुभकामनाएं नवनियुक्त एडीओ पंचायत अमित कुमार को दी गई शुभकामनाएं

# धौलाना बीडीओ और नवनियुक्त एडीओ पंचायत को धौलाना प्रधान के नेतृत्व में किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** कस्बा धौलाना के खंड विकास कार्यालय पर बुधवार को धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद और सदर सचिव गुरविंदर सिंह के नेतृत्व भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें नवनियुक्त एडीओ पंचायत अमित कुमार का भव्य स्वागत किया । साथ ही ब्लाक को नई ऊंचाई देने स्टाफ को

**धौलाना के लोगो का प्यार कर गया अभिभूतः अमित कुमार**

साथ लेकर चलने सभी क्षेत्र वासियों के प्रिय अफसर खंड विकास अधिकारी रामकुमार शर्मा का भी भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई ।

इस मौके पर बोलते हुए ग्राम प्रधान धौलाना अतीक भाई अहमद ने कहा कि बीडीओ धौलाना रामकुमार शर्मा सर्व समाज के अति प्रिय है । उन्हें क्षेत्र का हर व्यक्ति बेहद पसंद करता है ।

क्योंकि वे ब्लाक आने वाले हर व्यक्ति की समस्या ध्यान से सुन खुद अपने प्रयास से उसे तत्काल हल करा देते है । जो हमारे ब्लाक की एक मिसाल बन चुका है । इसलिए रामकुमार शर्मा को हर कोई सम्मान देता है । वही नवनियुक्त एडीओ पंचायत गढ़ से धौलाना आए है ओर उन्होंने कार्यभार संभाला है वीरो की इस





धरती पर उनका अभिनंदन है।

स्वागत से अभिभूत एडीओ पंचायत अमित कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता के लिये हमेशा उपलब्ध रहेंगे । इस दौरान ब्लाक बाबू विनोद कश्यप , लोकेश शर्मा, देहरा सचिव सतवीर सिंह यादव, सपनावत सचिव ज्योति मिश्रा, पिलखुवा देहात सचिव ओमवीर सिंह, तरुण त्यागी, निशु कुमार, अंकुर सिंह, पी के शर्मा, बिजली व्यापारी सगीर भाई अहमद, मास्टर खलील, डा आसिफ, इकराम कुरैशी, साजिद अहमद, एड रहसुद्दीन, विनोद राणा, राकेश राणा, भगवत सिंह, गंगाराम, प्रियंका चौधरी, सचिन, सहित बड़ी संख्या में कस्बे ले लोग मौजूद रहे ।

# शार्ट सर्किट से गाड़ी में लगी आग,धू-धू कर जली कार, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर पाया आग पर काबू

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 9 स्थित शिवा ढाबा के निकट शार्ट सर्किट होने से चलती कार में आग लग गयी। जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। चालक के कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी फायर बिग्रेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवा ढाबा के निकट की घटना**

गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार गत मंगलवार की देर शाम चालक विनय कुमार पुत्र कमल प्रसाद उत्तराखंड के रुद्रपुर से कार द्वारा दिल्ली जा रहा था। जब कार जनपद हापुड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित शिवा ढाबा के सामने पहुंची,तो शार्ट सर्किट होने से चलती कार में आग लग गयी। जिनके कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार धू-धू कर जलने लगी। जिससे घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गयी। चालक ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग व पुलिस को दी। सूचना पाकर सम्बंधित थाने की पुलिस व दमकल कर्मी फायर बिग्रेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर कार में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर दमकल कर्मी मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी लेकर पहुंचे,और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। कार में आग शार्ट सर्किट होने से लगी थी,चालक द्वारा ऐसा बताया गया था।

## सम्बन्ध विच्छेद

हम अपने पुत्र सुमित रुहेला व पुत्र वधू अंजली को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करते है। सुमित रुहेला व अंजली द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**रमेश चंद पुत्र वेद प्रकाश**
**सीमा देवी पत्नी रमेश चंद**
**नि.म.नं.-1393**
**पन्नापुरी,भगवानपुरी हापुड़, तहसील व जिला हापुड़ ।**

## सम्पादकीय

# धनी तबकों पर ले जाए



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा वे अपना धनी तबकों पर ले जाएं।

आर्थिक संकट के बारे में प्रधानमंत्री के भाषणों से देश में फैले भय के बीच अब केंद्र ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं के आयात पर शुल्क बढ़ा कर 15 (10 प्रतिशत कस्टम+ 5 फीसदी कृषि एवं विकास उपकर) कर दिया है। गौरतलब है कि सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार में सेंध लगने का बड़ा कारण बना रहा है। मगर कारणों की पड़ताल करें, तो आयात बढ़ने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार पर जाएगी। केंद्र ने मई 2022 में यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अमल शुरू किया, जिसके तहत वहां से टैरिफ रेट कोटा सिस्टम के तहत स्वर्ण आयात पर शुल्क सामान्य छह प्रतिशत से एक प्रतिशत कम (यानी पांच प्रतिशत) कर दिया गया। इसके पहले (2022 में) भारत के कुल स्वर्ण आयात में यूएई का हिस्सा 7.9 प्रतिशत (2.9 बिलियन डॉलर) था, जो पिछले साल 28 प्रतिशत (16.5 बिलियन डॉलर) हो गया। इस बीच पिछले साल सोने के भाव में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। इससे सोना आम मध्य वर्ग की पहुंच से बाहर हो गया। जबकि अति धनी लोग खरीदारी करते रहे, जिससे डॉलर बाहर गया। प्रधानमंत्री ने मध्य वर्ग से विदेश जाने से बचने का आह्वान भी किया है। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले दो साल में गिरावट आई है। फिर भी डॉलर बाहर जाने में बढ़ोतरी हुई, तो उसका कारण अति धनी व्यक्तियों का विदेश में चल और अचल संपत्ति में निवेश है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 26.4 बिलियन डॉलर का निवेश इन लोगों ने विदेश में किया। ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मोदी सरकार ने लिबरलाइज्ड रेमिटैंस स्कीम, टैक्स राहत, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आदि के नाम पर विदेशी कर्मियों के लिए खुद इसका मार्ग प्रशस्त किया।

ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा सरकार संकट-कालीन प्रशासनिक उपाय करे और अपना ध्यान मध्य वर्ग के बजाय धनी तबकों पर ले जाए।

## आज का विचार




# एसी कमरे में बैठकर क्रान्ति की कड़वी बातें



राधा रमण

राजनीति की डगर काफी उबड़-खाबड़ होती है, पथरीली होती है। उसमें धूप में चलना होता है। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करना होता है। नारेबाजी करनी होती है, जेल जाना होता है और जरूरत पड़ने पर पुलिस की लाठी भी खानी होती है। एयरकंडीशनर (एसी) कमरों में बैठकर तो सिर्फ मीठी-मीठी बातें होती है। क्या आपको लगता है कि देश के सियासी दल खासकर

**लगभग दो साल बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते, बैठक करते और जन सरोकार के मुद्दे उठाते रहेंगे। साथ ही संसद के मानसून सत्र के दौरान इंडिया गठबंधन के सांसद रोज बैठक करते रहेंगे**

विपक्ष के दल सड़क पर उतरने की हालत में हैं ? कम से कम मुझे तो ऐसा नहीं लगता।

लगभग दो साल बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते, बैठक करते और जन सरोकार के मुद्दे उठाते रहेंगे। साथ ही संसद के मानसून सत्र के दौरान इंडिया गठबंधन के सांसद रोज बैठक करते रहेंगे।

अब इसका विश्लेषण करते हैं। एसआईआर को लेकर पहले भी विपक्ष के कई दल सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं और मुंह की खाकर लौटे हैं। अब सीजेआई को पत्र लिखने से क्या नया हो जाएगा ? नीट पेपर लीक और सीबीएसई 12वीं बोर्ड की नई ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी तक इस्तीफा नहीं मिला। मिलने की उम्मीद भी कम है, क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2015 में ही स्पष्ट कर चुके हैं कि यह सरकार इस्तीफा देनेवाली नहीं है। तब से सरकार उसी लकीर पर चल रही है। बीच में कई मामले आए, चाहे वह तत्कालीन गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का मामला हो, मंत्री कौशल किशोर का हो, बंदी संजय का हो, ब्रजभूषण शरण सिंह का हो अथवा हरदीप पुरी का हो, पिछले 12 वर्षों में एम जे अकबर के अलावा किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। अकबर का मामला भी अपवाद कहा जा सकता है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा था। मीटू में नाम आ जाने और चरित्र हनन से आजिज आकर उन्होंने खुद ही पद छोड़ दिया था।

अब बात सर्वदलीय बैठक बुलाने की करते हैं। अगर विपक्ष के पास देश की बदहाल आर्थिक स्थिति से निकलने, महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का कोई रोडमैप है, तो उसे जनता को बताना चाहिए। हो सकता है सरकार भी उससे सीख ले लेती। फिर क्या सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं है ? कृषि मंत्री संसद के पिछले सत्र में ही कह चुके हैं कि सरकार के प्रयास से किसानों की आय दोगुनी हो गई है। तब संसद में बैठे विपक्ष के लोग क्या कर रहे थे। यह अलग बात है कि किसान अपनी बदहाली और बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहे हैं।

इंडिया गठबंधन की बैठक में यह भी तय किया गया कि गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते- बैठक करते रहेंगे और मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में रोज बैठक करेंगे। करिए, किसने रोका है ? लेकिन इससे क्या हो जाएगा ?

मुझे कहने दीजिए कि देश में इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास सरकार के विरोध का कोई रोडमैप नहीं है। जिन क्षेत्रीय दलों के सहयोग से कांग्रेस राजनीतिक लड़ाई का व्यूह रचना चाहती है, उनका वजूद तो कांग्रेस के पुराने वोटरों से ही तो है। क्या वे अपना वोट बैंक कांग्रेस के लिए कुर्बान करेंगे ? फिर क्या इंडिया गठबंधन के किसी नेता ने कभी सड़क पर उतरने और जेल भरो आंदोलन करने कोशिश की है ? नहीं। आज के नेता चाहे राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव, तेजस्वी हों या कोई और, सभी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके क्रान्ति करना चाहते हैं। नेताओं के इसी आरामतलब व्यवहार के चलते निष्ठावान कार्यकर्ता घर बैठ गए हैं। सभाओं में किराये की भीड़ जुटाई जाती है। यही कटु सत्य है। इन्हें जनता से भी कोई लेना-देना नहीं है। ये तो बस पिकनिक मनाने के लिए दौरा करते हैं। याद कीजिए, 1974 में विपक्ष के नेताओं ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्त्व में लामबंद होकर आंदोलन किया था। सडकों पर उतरे थे, पुलिस की लाठियां खायी थीं और जेल गए थे। तब कहीं इंदिरा गांधी की बर्बर सरकार से मुक्ति मिली थी।

इंडिया गठबंधन की एकता सिर्फ नेताओं में है, वह भी दिखावे के लिए है। कार्यकर्ता आज भी एक-दूसरे को निपटाने में ही मशगूल हैं। चुनाव में टिकट वितरण के दौरान इंडिया गठबंधन के राज्यस्तरीय नेताओं की कटुता देखते ही बनती है। हमने देखा कि विधानसभा चुनावों के दौरान सीट बंटवारे में इन्होंने एक-दूसरे पर क्या-क्या आरोप लगाये थे। कई जगहों पर फ्रेंडली फाइट करते दिखाई देते हैं और हार जाने के बाद बैठकर रुदाली करते हैं। देश ने देखा कि महाराष्ट्र में कैसे उद्धव ठाकरे और शरद पवार का उनके अपनों ने ही बिस्तर गोल कर दिया। अब पश्चिम बंगाल में भी यही हो रहा है। बिहार की हालत किसी से छिपी नहीं है। सबकुछ गंवाकर लालू परिवार अब सरकारी बंगले और व्यक्तिगत सुरक्षा पर कैसे हाय-तौबा कर रहा है। इनकी प्राथमिकता में जनता कहीं है ही नहीं। हाल का उदाहारण मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीट को ले सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन सूचना छिपाने के कारण रद्द हो जाने पर सिर्फ कांग्रेसी ही हो-हल्ला कर रहे हैं। बाकी विपक्ष खामोश है। ऐसे में आगे इंडिया गठबंधन कौन सी क्रान्ति कर लेगा, समझा जा सकता है।

इसमें दो राय नहीं है कि जनता महंगाई से कराह रही है। महज 10 दिन के अंतराल में पेट्रोल-डीजल के दाम साढ़े सात रुपये और सीएनजी के दाम करीब 6 रुपये बढ़ गए हैं। पेपर लीक हो जाने के कारण बेरोजगारी चरम पर है। सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। शुरूआत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वालों को रसोई गैस के 12 सिलेंडर सब्सिडी पर दिए जाते थे, फिर नौ हुए और अब चार पर सिमट गए हैं। खाद्य पदार्थ महंगे हो गए हैं। निजी क्षेत्रों में काम के घंटे तो बढ़ गए हैं लेकिन कामगारों के वेतन में इजाफा नहीं हुआ है। खाद महंगे हो जाने के कारण किसान पहले से ज्यादा संकट में हैं और विपक्ष के नेता एसी कमरों की ठंडी हवा में एकता का राग अलाप रहे हैं। रस्सी जल गई है, लेकिन ऐंठन बाकी है।

## बारिश का इंतजार

हर मन कर रहा बेसब्री से बारिश का इंतजार,
कब बरसेगी अंबर से अमृत की "आनंद" धार,
नीले नभ में कब घिरेगी काली-काली बदली,
कब घटेगी तपन मन में बजेगी राहत की डफली ।

झूमेंगे मीठा शोर करते कब फिर से खेत खलिहान,
कब मिलेगा भंयकर गर्मी से सबको प्रभावी निदान,
पंछी चाहते करना गगन की दूर तलक लंबी सैर,
कब भीगेंगे टिपटिप बारिश में छप-छप करते पैर ।

सुखे पेड़ सुखा धरा का ऑंगन प्यासा-प्यासा मन,
कब चलेगी रोमकूपों को गुदगुदाती ठंडी-ठंडी पवन,
पंख फैला नाचेंगे मोर कब गीत सुहाना गाएंगी कोयल,
कब मिलेंगा क्लांत आत्मा को राहत भरा शीतल जल ।

छाया है सुनापन शिथिल शरीर व्याकुलता भी अपार,
कब सुनोगें जगदीश्वर धरतीवासियों की विनय पुकार,
नौ तपा के दिन बीते अब धीमी करो किरणों की आग,
कब सुनाओगें सावन है आने वाला वो खुशी का राग ।

बच्चे सुनना चाहते हैं पहली बारिश की बूँदों का शोर,
कब बिखरेगी वो सौंधी खुशबू मिट्टी की चारों ओर,
बॉट जोहतीं अखियॉं कब धरती का भीगेंगा ऑंचल,
तैरेगी कागज की नाव कब गरजेंगे बिजुरि संग बादल ।



मोनिका डागा आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# परमाणु हथियारों की दौड़ में भारत और पाकिस्तान



महेन्द्र तिवारी

स्टॉकहोम स्थित अंतरराष्ट्रीय शोध संस्था सिपरी की वर्ष 2026 की रिपोर्ट ने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 तक भारत के पास लगभग 190 परमाणु वॉरहेड्स हैं, जबकि पाकिस्तान के पास यह संख्या लगभग 170 बताई गई है। इस प्रकार भारत अब पाकिस्तान से लगभग 20 परमाणु हथियार आगे निकल चुका है। यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि यह दक्षिण एशिया की सुरक्षा नीति, सैन्य संतुलन और भविष्य की रणनीतिक दिशा को भी दशार्ता है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी परमाणु नीति को केवल प्रतिरोध क्षमता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आधुनिक तकनीक और दीर्घकालिक सुरक्षा रणनीति से भी जोड़ा है। भारत लगातार अपनी मिसाइल प्रणाली, समुद्री सुरक्षा और लंबी दूरी तक मार करने वाली तकनीकों को मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत अब केवल परमाणु हथियारों की संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि उनकी गुणवत्ता और त्वरित उपयोग क्षमता पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। यही कारण है कि भारत को अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं बल्कि वैश्विक रणनीतिक शक्ति के रूप में देखा जाने लगा है।

भारत की परमाणु नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संतुलित और नियंत्रित रणनीति मानी जाती है। भारत ने लंबे समय से "पहले प्रयोग नहीं" की नीति अपनाई हुई है। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर परमाणु हमला होता है तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा। इस नीति ने भारत को एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति की छवि प्रदान की है।

दूसरी ओर पाकिस्तान ने ऐसी कोई स्पष्ट नीति घोषित नहीं की है। पाकिस्तान की रणनीति मुख्य रूप से सामरिक परमाणु हथियारों और त्वरित प्रतिक्रिया पर आधारित रही है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की परमाणु नीति को अपेक्षाकृत अधिक स्थिर और जिम्मेदार माना जाता है।

सिपरी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत अब अपनी परमाणु क्षमता को तीनों आयामों में मजबूत कर चुका है। इसे परमाणु त्रिस्तरीय क्षमता कहा जाता है। इसका अर्थ है कि भारत भूमि, आकाश और समुद्र तीनों माध्यमों से परमाणु हमला करने की क्षमता रखता है। भारत के पास अग्नि श्रृंखला की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, वायुसेना के लड़ाकू विमान हैं और साथ ही परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बियां भी हैं। इस त्रिस्तरीय क्षमता से भारत की प्रतिरोध शक्ति कई गुना बढ़ जाती है क्योंकि किसी भी दुश्मन के लिए उसकी पूरी परमाणु क्षमता को एक साथ निष्क्रिय करना लगभग असंभव हो जाता है।

भारत ने हाल के वर्षों में अग्नि 5 जैसी लंबी दूरी की मिसाइलों पर विशेष ध्यान दिया है। इन मिसाइलों की क्षमता हजारों किलोमीटर दूर तक लक्ष्य को भेदने की है। इसके अलावा भारत ने बहु लक्ष्य प्रहार तकनीक पर भी कार्य किया है, जिसमें एक ही मिसाइल कई लक्ष्यों को एक साथ निशाना बना सकती है। इसे आधुनिक परमाणु युद्ध रणनीति में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार भारत कैनिस्टर आधारित मिसाइल प्रणाली और समुद्र आधारित प्रतिरोध क्षमता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। इससे हथियारों की सुरक्षा और त्वरित तैनाती दोनों संभव हो जाती हैं। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया है कि भारत अब कुछ परमाणु वॉरहेड्स को तैनात स्थिति में रखने लगा है। अनुमान है कि लगभग 12 वॉरहेड्स ऐसी स्थिति में हैं जिन्हें कम समय में उपयोग किया जा सकता है। पहले भारत आमतौर पर वॉरहेड्स और मिसाइलों को अलग रखता था, ताकि आकस्मिक संघर्ष की संभावना कम रहे।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — परेशानी में अच्छी राय मिलेगी, गुरु से मिलना धार्मिक यात्रा आदि सम्भव हैं, कोर्ट मेरीज कर सकते हैं, सरकारी नौकरी में सीनियर से परेशानी सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-53

**वृषभ** — किसी विद्यालय में जॉब मिल सकती हैं, मेनेजमेंट कोई निर्णय लेने की आजादी दे सकता हैं, कपड़ा, पूजा की दुकान, लेपटोप, स्कूटी व्यवसाय द्वारा लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** — सम्पत्ति बढ़ेगी, घर में आर्थिक कुछ परेशानी आ सकती है, संतान उत्पत्ति में कुछ देरी सम्भव हैं, कम्युनिकेशन, ब्रोकरशिप कार्य द्वारा उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-52

**कर्क** — विदेशी लोगों से संपर्क बढ़ेगा, ज्ञान का लाभ मिलेगा, शारीरिक कमजोरी हो सकती है, जीवन में कुछ अच्छा होने का आभास भी होगा। भाग्य प्रतिशत-53

**सिंह** — परिवार वाले किसी स्त्री/ पुरुष से विवाह पर रजामंद नहीं होंगे, बाहर जॉब करते हैं तो दूसरी कम्पनि से भी ऑफर मिलेगा, अपना स्कूल चलाते हैं तो उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-58

**कन्या** — सुख सुविधा के साथ कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा, सोफा, वाहन डीलरशिप, मीडिया, पीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर है तो उन्नति मिलेगी, शुगर बढ़ सकती है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-73

**तुला** — साहसिक फैसले लेंगे, पैसे कैसे कमाए ध्यान रखेंगे, डिजिटल मार्केटिंग, विज्ञापन, सॉफ्टवेयर, गणित,अकाउंट के क्षेत्र में कार्य करते हैं तो उन्नति मिलेगी, खिलाड़ी है तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-79

**वृश्चिक** — खर्चा सोच समझकर करें, पैसे कम पड़ सकते हैं, प्रेम सम्बन्ध में रूठना मनाना हो जाएगा, फिजियोथेरेपी, घुटने के डॉक्टर, मंत्र यज्ञ करते हैं तो उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-55

**धनु** — कार्यक्षेत्र में मुकाबला करना पड़ेगा, राजनीति में भी कोई बात खुल सकती है, घर लेते या बदलते समय ध्यान रखें, धार्मिकता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मकर** — शरीर को फिट करने पर ध्यान दे, रोग की दवा जल्दी करें, विवाद में पड़ने से बचे, खर्चा अच्छी चीजों पर होगा। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ** — पति-पत्नि में प्रेम की कमी संभव हैं, यात्रा अच्छी रहेगी, संतान की उन्नति के लिए कोई मन्नत मांग सकते हैं, प्रोपर्टी का सुख मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**मीन** — आमदनी बढ़ेगी, जिद करके भी अपनी इच्छा पूरी कर लेंगे, बढ़े प्रतिष्ठित घर में विवाह तय हो सकता हैं, इगो पर काबु रखें। भाग्य प्रतिशत-63



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# राज्यसभा में 2/3 बहुमत से मोदी सरकार को असीम शक्तियां!



संजय सक्सेना

भारतीय राजनीति में 18 जून 2026 की तारीख एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। देश के 12 राज्यों में राज्यसभा की 26 सीटों पर होने वाले चुनाव केवल सांख्यिकीय फेरबदल नहीं हैं, बल्कि ये उस संवैधानिक भविष्य की नींव रख सकते हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन वर्षों से आकार देने की कोशिश कर रहा है। इन चुनावों के बाद राज्यसभा में एनडीए का आंकड़ा 150 के पार पहुंचने की उम्मीद है, जो उसे दो-तिहाई बहुमत के और करीब ले जाएगा।राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत का अर्थ केवल संख्या बल नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में यह साफ किया गया है कि किसी भी संविधान संशोधन को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विशेष बहुमत से पारित होना अनिवार्य है। इस विशेष बहुमत का मतलब उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन से होता है। यही वह कुंजी है जो संविधान के उन दरवाजों को खोल सकती है जो अब तक बंद थे। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मामला सबसे पहले और सबसे अधिक चर्चित है। संविधान के 130वें संशोधन विधेयक को लोकसभा से संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने की संस्तुति मिलने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में इस बिल को सभा पटल के सामने रखा था, लेकिन सरकार के पास संवैधानिक संशोधन को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत नहीं था। अप्रैल 2026 में संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर चर्चा हुई, लेकिन इसे पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी, जो सरकार को नहीं मिल सकी। अब यदि 18 जून के बाद राज्यसभा में बहुमत का गणित बदलता है तो यह विधेयक मानसून सत्र में फिर से जीवित हो सकता है। इससे जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को मानसून सत्र में फिर से पेश करने के लिए भाजपा की योजना 18 जून को राज्यसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद द्रमुक समेत कुछ अन्य ऐसे विपक्षी दलों को साधने की है। भाजपा को तीन कारणों से संविधान संशोधन विधेयक पर आगे बढ़ने का हौसला मिला है। पहला, राज्यसभा में बहुमत के करीब पहुंचना; दूसरा, तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल में टूट की संभावना; और तीसरा, द्रमुक और भाजपा के बीच बढ़ती करीबी।महिला आरक्षण के साथ ही परिसीमन का मुद्दा भी गहराई से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं, जो 1977 के बाद से स्थिर हैं। इंदिरा सरकार ने परिसीमन लाकर सीटें 525 से बढ़ाकर 543 कर इसे फ्रीज कर दिया था। अब जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा की सीटें बढ़ाने और उनमें महिलाओं के लिए आरक्षण तय करने के लिए एक साथ संविधान संशोधन जरूरी है। दक्षिण भारतीय राज्यों को चिंता है कि नई सीटों का बंटवारा उत्तर भारत के पक्ष में होगा क्योंकि वहां जनसंख्या अधिक है। इसीलिए पीएम मोदी को यह आश्वासन देना पड़ा कि परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा। समान नागरिक संहिता भाजपा के घोषणापत्र का वह वादा है जो दशकों से लंबित है। उत्तराखंड इसे लागू करने वाला पहला राज्य बन चुका है। केंद्र में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए संविधान में संशोधन अनिवार्य नहीं है, लेकिन इसके कुछ पहलू जैसे मुस्लिम व्यक्तिगत कानून को प्रभावित करने वाले प्रावधान विधायी और सांख्यिकीय दृष्टि से संवेदनशील हैं। राज्यसभा में मजबूत बहुमत मिलने के बाद सरकार के लिए इस दिशा में आगे बढ़ना राजनीतिक रूप से कहीं आसान हो जाएगा। न्यायपालिका की नियुक्ति प्रक्रिया भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां मोदी सरकार लंबे समय से बदलाव चाहती है। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में असंवैधानिक करार दे दिया था। सरकार और न्यायपालिका के बीच न्यायाधीशों की नियुक्ति में कार्यपालिका की भूमिका को लेकर वर्षों से टकराव चल रहा है। राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत के बाद सरकार एक बार फिर इस दिशा में संविधान संशोधन लाने का साहस जुटा सकती है। अनुच्छेद 356 अर्थात राष्ट्रपति शासन की शर्तों को लेकर भी समय-समय पर संशोधन की मांग उठती रही है। इसी प्रकार संपत्ति के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून और अनुच्छेद 31 से जुड़े पुराने विवाद हैं, जिन पर सरकार नए सिरे से नीति बना सकती है। आर्थिक नीतियों को अधिक लचीला बनाने के लिए संविधान की नौवीं अनुसूची में संशोधन भी एक विकल्प है, जिसमें कानूनों को न्यायिक समीक्षा से बाहर रखा जाता है। हालांकि यह समझना जरूरी है कि राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत अकेले पर्याप्त नहीं है। किसी भी संविधान संशोधन को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विशेष बहुमत से पारित होना अनिवार्य है। लोकसभा में विधेयक पारित कराने के लिए समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस या द्रमुक में से कम से कम दो मुख्य विपक्षी दलों को मतदान से अनुपस्थित रहना होगा। कुछ संवेदनशील संशोधनों के लिए राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की भी जरूरत होती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 18 जून के चुनाव परिणाम केवल राज्यसभा की सीटों का हिसाब-किताब नहीं करेंगे, बल्कि भारत के संवैधानिक भविष्य की दिशा भी तय करेंगे। यदि एनडीए दो तिहाई बहुमत के करीब पहुंच गया और साथ ही कुछ विपक्षी दलों का सहयोग मिल गया, तो ऐसे संशोधन, जो वर्षों से राजनीतिक बहस का हिस्सा थे, कानूनी हकीकत बन सकते हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल इन चुनावों को असाधारण महत्व दे रहे हैं और हर वोट को बचाने की पूरी कोशिश में जुटे हैं।

# बदायूं पुलिस पर गंभीर आरोप: विवाहिता को वन स्टॉप सेंटर भेजने व दबाव बनाने का आरोप, पति ने सुरक्षा की मांग की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद** । विजय नगर निवासी 25 वर्षीय रितिक कुमार ने बदायूं पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रितिक का कहना है कि उन्होंने 1 जून 2026 को 23 वर्षीय संध्या से अपनी मर्जी से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था।

पीड़ित के अनुसार, 3 जून की रात लगभग 2 बजे बदायूं पुलिस बिना महिला स्टाफ के उनके घर पहुंची और उनकी पत्नी संध्या को कथित रूप से जबरन अपने साथ ले गई। आरोप है कि इस दौरान संध्या के परिजन भी पुलिस के साथ मौजूद थे और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी व धक्का-मुक्की हुई।

रितिक कुमार का यह भी आरोप है कि उन्हें रास्ते में पुलिस द्वारा धमकाया गया और थाने ले जाने के बजाय उन्हें कुछ घंटों तक पुलिस चौकी के बाहर गाड़ी में बैठाए रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर पत्नी को छोड़ने और बयान बदलने का दबाव बनाया गया तथा धमकी भी दी गई।

परिजनों का दावा है कि घटना के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही थी, जिसे एक पुलिसकर्मी ने मोबाइल से डिलीट करा दिया, हालांकि उसका बैकअप सुरक्षित होने का दावा किया गया है। रितिक का कहना है कि बाद में संध्या को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया, जबकि उसने मजिस्ट्रेट के सामने बयान में यह स्पष्ट किया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से रितिक के साथ रहना चाहती है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बावजूद उन्हें अभी तक न्यायिक बयान के लिए पेश नहीं किया गया और उन पर लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।

रितिक कुमार ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद, पुलिस अधीक्षक बदायूं, डीजीपी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजकर कार्रवाई, सुरक्षा और पत्नी को मुक्त कराने की मांग की है।

# समय पर इलाज से बच सकता है जोड़ों का स्थायी नुकसान : डॉ.साहिल गर्ग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** रूमेटाइड आर्थराइटिस (आरए) जिसे आम बोलचाल में गठिया बाय भी कहा जाता है, एक गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी है। जिसमें शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र गलती से अपने ही जोड़ों पर हमला करने लगता है। इससे जोड़ों में दर्द, सूजन और अकड़न की समस्या उत्पन्न होती है। यह जानकारी ऑर्थोपेडिक सर्जन व जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ साहिल गर्ग ने दैनिक बुलंद संदेश को देते हुए बताया कि यह बीमारी आमतौर पर 30 से 60 वर्ष की आयु के लोगों में अधिक देखी जाती है, हालांकि किसी भी उम्र में इसके लक्षण सामने आ सकते हैं। महिलाओं में इसका प्रभाव पुरुषों की तुलना में दो से तीन गुना अधिक पाया जाता है।



डॉ साहिल गर्ग

डॉ साहिल गर्ग के अनुसार हाथों, कलाइयों और पैरों के छोटे जोड़ों में लगातार दर्द व सूजन, सुबह आधे घंटे से अधिक समय तक रहने वाली अकड़न, मुट्ठी बनाने या वस्तुओं को पकड़ने में कठिनाई, अत्यधिक थकान और कमजोरी इसके प्रमुख लक्षण हैं। समय पर उपचार न मिलने पर जोड़ों में स्थायी विकृति भी विकसित हो सकती है। उन्होंने बताया कि रूमेटाइड आर्थराइटिस को पूरी तरह रोकने का कोई निश्चित तरीका नहीं है, लेकिन धूम्रपान से दूरी, संतुलित वजन बनाए रखना, नियमित व्यायाम और फल, सब्जियों तथा मछली से भरपूर संतुलित आहार अपनाकर इसके जोखिम को कम किया जा सकता है। डॉ साहिल गर्ग ने कहा कि शुरूआती चरण में उपचार शुरू करने से जोड़ों को होने वाले स्थायी नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। उपचार में दर्द और सूजन नियंत्रित करने वाली दवाओं के साथ रूमेटोलॉजिस्ट द्वारा निर्धारित डीएमएआरडी्स दवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा नियमित हल्का व्यायाम, फिजियोथेरेपी, स्वस्थ वजन बनाए रखना तथा जोड़ों पर अनावश्यक दबाव से बचना भी जरूरी है।

डॉ साहिल गर्ग ने बताया कि जब जोड़ अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाएं, तब जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। डॉ. गर्ग ने सलाह दी कि यदि किसी व्यक्ति को छह सप्ताह से अधिक समय तक जोड़ों में दर्द और सूजन बनी रहे, सुबह लगातार अकड़न महसूस हो या दैनिक कार्य करने में परेशानी होने लगे तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उनका कहना है कि समय पर जांच और उचित उपचार से रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित अधिकांश लोग सामान्य, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

# भीषण गर्मी से जूझते पुलिस भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों को पिलाया शरबत, सपा पार्टी मानव सेवा कार्यों में विश्वास रखती है : गिरीश मथुरिया सैन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बुधवार को भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच परीक्षा केंद्रों के आसपास अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के लिए कई स्थानों पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया सैन द्वारा ठंडे शरबत की व्यवस्था की गई। ुलिस भर्ती परीक्षा के चलते नगर में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी विभिन्न केंद्रों पर पहुंचे। दोपहर के समय तापमान बढ़ने के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर इंतजार कर रहे अभिभावकों और उम्मीदवारों को गर्मी का सामना करना पड़ा। ऐसे में गिरीश मधूरिया सैन द्वारा शरबत वितरित किए जाने की क्षेत्रवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। गिरीश मथुरिया सैन ने बताया कि समाजवादी पार्टी मानव सेवा कार्यों में विश्वास रखती है। जनहित की इसी नीति को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा कार्य में बल्लू सीकरी, तरुण जाटव, नितेश कुमार, शामिक सैफी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, दो मकान ध्वस्त, लोगों में मची अफरा-तफरी, बाल-बाल बचे परिजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** बीती रात भीषण आंधी तूफान के दौरान कस्बा में एक निमार्णाधीन मकान की चौथी मंजिल दीवार गिरने से पड़ोस के दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए तथा मोहल्ला में हड़कंप मच गया।गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि बताया जाता है कई लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से मकान में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना से पीड़ित परिवार में दहशत है। उधर पुलिस शिकायत मिलने पर कारवाई की बात कह रही है। जानकारी अनुसार कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर में गांव चांदपुर निवासी जितेन्द्र सिंह का करीब ढाई सौ मीटर में मकान का निर्माण कार्य चौथी मंजिल पर चल रहा है। मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे तेज तूफान और आंधी में दीवार भरभरा कर पड़ोसी शमशेर और उसके भाई शमसुद्दीन के मकान पर गिर गई। जिसमें दोनों मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। तेज धमाके की आवाज के साथ गिरी दीवार से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस पीएसी व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने राहत व बचाव कार्य शुरू करते हुए दरवाजा तोड़कर मकान में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गनीमत रही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित शमशेर ने बताया कि रात्रि करीब 12 बजे वह अपने मकान में पत्नी अख्तरी, बेटा असलम, अकरम, वसीम अयान व बहू हसीब के साथ सोए थे वही बराबर में उसका भाई शमसुद्दीन नसीम बेगम, बेटा फैसल, ईवा, हमजा व सुभान के साथ मकान में बाहर की साइड सो रहा था। इसी दौरान 12 बजे आंधी तूफान के समय धमाके के साथ उनके मकान की छत फट गई। उन्हें लगा कि मकान पर आसमानी बिजली गिरी है। दीवार गिरने से दोनों मकानों में सो रहे लोग अंदर फस गए। बकौल पीड़ित घटना में अकरम, हसीब, सायना आदि मामूली रूप से चोटिल हो गए हैं। सूचना पाकर सम्बंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि तेज आंधी के साथ दीवार गिरने से दो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं हादसे में दोनों परिवार के सदस्य सुरक्षित हैं। कोई घायल नहीं हुआ है।



# सांसद डॉ.राजकुमार सांगवान ने किया पर्व बैंक्वेट हॉल का उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित राज चौपला के निकट पर्व वेंकट हॉल का उद्घाटन सांसद डॉ राजकुमार सांगवान और विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में विवाह, सामाजिक समारोहों और कॉर्पोरेट आयोजनों के लिए एक नए आधुनिक आयोजन स्थल की शुरूआत हो गई है।

उद्घाटन अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे मोदीनगर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेन्यू की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए बैंक्वेट हॉल के शुरू होने से स्थानीय लोगों को शहर से बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। बैंक्वेट हॉल प्रबंधन के अनुसार परिसर में लगभग 15 हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल का वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल, लैंडस्केप्ड लॉन तथा निजी आयोजनों के लिए अलग कोर्टयार्ड की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों के लिए मेजानाइन फ्लोर भी तैयार किया गया है, जो आयोजनों को अलग पहचान देने का प्रयास करेगा। प्रबंधक संदीप गर्ग ने बताया कि आगामी महीनों में यहां 16 आधुनिक कमरों का संचालन भी शुरू किया जाएगा। इसके बाद यह परिसर डेस्टिनेशन वेडिंग और बहुदिवसीय आयोजनों के लिए भी उपयुक्त बन सकेगा।



आयोजकों का दावा है कि आधुनिक सुविधाओं, आतिथ्य सेवाओं और शुद्ध शाकाहारी भोजन व्यवस्था के साथ यह वेन्यू क्षेत्र के विवाह एवं सामाजिक आयोजन उद्योग में नया विकल्प उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन समारोह में गणमान्य नागरिक, व्यापारी और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में उत्तराखंड के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल ( से.नि.) भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)** । दिल्ली एनसीआर में उत्तराखंड प्रवासियों की सबसे बड़ी व वरिष्ठ सामाजिक संस्था गढ़वाल हितैषिणी सभा ने दिल्ली के गढ़वाल भवन में हाल ही में दिवंगत हुए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री मेजर जनरल (से.नि.) भुवन चंद्र खंडूड़ी की पावन पुण्य स्मृति में सभा अध्यक्ष सूरत सिंह रावत की अध्यक्षता व सभा महासचिव पवन कुमार मैठानी के संचालन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में जनता ने गढ़वाल भवन पहुंचकर अपने प्रिय नेता को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत लखेड़ा ने कहा कि खंडूड़ी जी एक युगद्रष्टा व स्पष्ट वक्ता थे। उत्तराखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण की पूर्व सदस्या डॉ. कुसुम नौटियाल ने कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी जैसे नेता विरले ही होते हैं, जिनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं था। निगम पार्षद वीर सिंह पवांर ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहते हुए खंडूड़ी जी ने पूरी ईमानदारी से प्रदेश की भलाई के लिए कार्य किया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री रहते हुए स्वर्णिम सड़क चतुर्भुज योजना खंडूड़ी जी की ही देन है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विनोद बछेती ने कहा कि मेजर जनरल खंडूड़ी जी की ईमानदारी की मिसाल जनता आज भी देती है। खंडूड़ी जी अद्भुत व्यक्तित्व के स्वामी थे। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता डॉ. विनोद बछेती, सभा के पूर्व महासचिव महावीर सिंह राणा, वरिष्ठ पत्रकार व्योमेश जुगराण, जीवन चंद्र नैथानी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि प्रबुद्धजनों ने भारी संख्या में भाग लिया। गुंजन कला केंद्र की टीम सर्वेश्वर बिष्ट ने अपने मधुर भजनों द्वारा खंडूड़ी जी को संगीतमय श्रद्धांजलि।





# तेज आंधी मे गिरा कच्चा मकान, दंपत्ति सहित एक मासूम घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** मंगलवार देर रात आई तेज आंधी और खराब मौसम ने नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर नुकसान पहुंचाया। मुंशी नगर स्थित धोबी घाट में एक कच्चा मकान अचानक ढह जाने से उसमें सो रहा परिवार मलबे के नीचे दब गया। घटना से मौहल्ले में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि मकान में रहने वाले शाहनवाज अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ रात में सो रहे थे। तेज हवाओं के बीच अचानक मकान की दीवारें और छत भरभराकर गिर गईं, जिससे परिवार के सदस्य मलबे में फंस गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर सभी घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।





# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेशगौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में "12 साल बेमिसाल झ विकास, विश्वास, जनकल्याण, प्रगति और सुरक्षा" विषय पर चर्चा की गई तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा गया।इस अवसर पर सैयद अहसान अख्तर (राज्य प्रभारी, जनसंपर्क अभियान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश), सुनील भाटी जी (पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष, गौतम बुद्ध नगर), फरहत (पूर्व प्रदेश मंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिहार), शेखर झा (शक्ति संयोजक, भाजपा गौतम बुद्ध नगर), कविता राजेश (कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा ग्रेटर नोएडा मंडल), अविनाश सिंह जी (बूथ अध्यक्ष), सैयद अख्तर आलम (पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश), डॉ. ताहा (फेलिक्स हॉस्पिटल), डॉ. इराम आमिर, मेहरनाज (अडअ सदस्य, गुलशन विवांते) तथा हाफिज रजा खान (भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सैयद अहसान अख्तर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ केंद्र सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य अनेक योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंचा है। देश आज विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित हुआ है। सैयद अहसान अख्तर ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी नीतियों पर भरोसा रखती है तथा आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा 320 से अधिक सीटों के साथ पुनः प्रचंड बहुमत प्राप्त करेगी।





परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों के कुल 4032 अभ्यर्थी हुए शामिल, 2425 रहे अनुपस्थित

# पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न,जिला प्रशासन ने राहत की सांस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में तीसरे दिन आरक्षी पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिस पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिले के 9 परीक्षा केंद्रों पर 4032 अभ्यर्थियों ने पेपर दिया,जबकि 2425 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## डीएम,एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा की एंट्री सुबह 8 बजे के बाद शुरू हुई। एक-एक अभ्यर्थी की चेकिंग हुई। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष के अंदर एंट्री दी गई। यहां हापुड़ जिले के 9 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में शाम 3 बजे से 5 बजे तक 4032 अभ्यर्थियों ने पेपर दिया। प्रथम पाली में कुल 2800 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 1232 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 2839 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 1193 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। प्रत्येक परीक्षा के लिए 9 सेक्टर और 9 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे।





जनपद में चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी कविता द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए की अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाए तथा उनकी स्क्रीनिंग व बायोमेट्रिक कर सत्यापन भी करें। परीक्षा केंद्र पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर बने कंट्रोल रूम में पहुंचकर परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की निगरानी भी की।

# तीन दिनों तक चली पुलिस परीक्षा बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न

बुलंद संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** उत्तर प्रदेश नगारिक पुलिस एवं भर्ती प्रोन्नति बोर्ड 2026 की लिखित परीक्षा का अंतिम दिन बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर तीन दिनों तक अभ्यर्थियों का महाकुंभ जैसा नजारा देखने को मिला। भर्ती परीक्षा के लिए कुल जिले के 13 केंद्रों पर कुल 27,936 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनके लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं के इंतजाम किए थे।

पुलिस में नौकरी पाने का सपना लेकर जिले के आसपास के जनपदों और दूसरे जिलों से हजारों अभ्यर्थी तीन दिनों तक संभल और बहजोई पहुंचे। आठ जून से शुरू हुई परीक्षा बुधवार को अंतिम पाली के साथ समाप्त हो गई। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक पाली में 4656 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था थी। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 27936 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान संभल और बहजोई की सड़कों, बस स्टैंडों, बाजारों और परीक्षा केंद्रों के आसपास सुबह से ही अभ्यर्थियों की भारी भीड़ दिखाई देती रही। कई अभ्यर्थी अपने स्वजन के साथ पहुंचे, जबकि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी निजी और सार्वजनिक परिवहन साधनों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। जनपद में राजकीय महाविद्यालय हयातनगर, एमजीएम महाविद्यालय संभल, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कालेज, बृज रत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज, हिंद इंटर कालेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज संभल, जेडयू इंटर कालेज सरायतरीन, जवाहर लाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कालेज सिरसी, राजकीय कन्या इंटर कालेज सिरसी, इंटरमीडिएट कालेज स्टेशन रोड बहजोई, चंद्रपाल आर्य आदर्श इंटर कालेज संभल रोड बहजोई तथा हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कालेज बहजोई को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। अभ्यर्थियों की पहचान बायोमेट्रिक सत्यापन, हस्ताक्षर मिलान और आइरिस स्कैनिंग के माध्यम से सुनिश्चित की गई। केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रही। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवार और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने भी शंकर स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। तीन दिनों तक जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। पेयजल, चिकित्सा सहायता, शौचालय और क्लाक रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। एएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि पूरी परीक्षा अवधि के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अव्यवस्था या नकल की शिकायत नहीं मिली। इसके साथ ही जिले में भर्ती परीक्षा का यह तीन दिवसीय आयोजन सकुशल संपन्न हो गया।



# विश्व पर्यावरण दिवस समारोह : विकास के क्षेत्र में योगदान हेतु दिल्ली की डॉ. अल्का कपूर भामला फाउंडेशन मुंबई समारोह में राज्यपाल द्वारा सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली (एन.जी.वर्मा)।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, शालीमार बाग, दिल्ली की प्रधानाचार्या डॉ. अल्का कपूर को मुंबई में भामला फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह समारोह उन व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रयासों का उत्सव था जो एक अधिक टिकाऊ, समावेशी और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इस भव्य आयोजन में शासन, उद्योग, शिक्षा, सामाजिक सेवा, मनोरंजन और कला जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता, गायक, नीति-निमार्ता, पर्यावरण संरक्षक, उद्योग जगत के अग्रणी, पद्म पुरस्कार विजेता तथा सामाजिक परिवर्तन के प्रेरक व्यक्तित्व पर्यावरणीय स्थिरता और सामूहिक जनभागीदारी के उद्देश्य से एक मंच पर एकत्रित हुए।

डॉ. कपूर को शिक्षा के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े प्रयासों तथा युवाओं को जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में उनके निरंतर योगदान के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. कपूर ने कहा, "सतत विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारे प्रयासों को यह सम्मान मिलना मेरे लिए अत्यंत विनम्रता और गर्व का विषय है। यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि यह याद दिलाता है कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम एक हरित, संवेदनशील और सतत भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। इस प्रकार की मान्यता हमें और अधिक समर्पण के साथ सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।" डॉ. कपूर ने इस अवसर पर आसिफ भामला और सहर भामला का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस सार्थक पहल की कल्पना और आयोजन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करते हैं और समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं।

यह सम्मान शिक्षा-आधारित सतत विकास पहलों के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है और इस विश्वास को और मजबूत करता है कि जब समुदाय, संस्थान और व्यक्ति एक साझा उद्देश्य के लिए मिलकर कार्य करते हैं, तब सार्थक परिवर्तन संभव हो जाता है।







# 81 स्थानों पर छापेमारी में खुली बिजली चोरी की पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल डिवीजन में बिजली चोरी के खिलाफ मंगलवार को बड़ा अभियान चलाया गया। जिससे शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हड़कंप मच गया। अधिशासी अभियंता रघुनाथ तित्तल के नेतृत्व में संभल डिवीजन की टीम ने व्यापक स्तर पर छापेमारी कर 81 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। जिसमें लगभग 75 किलोवाट का लोड पाया गया। अभियान के दौरान चारों उपखंड अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 81 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। इनमें कटिया डालकर और सर्विस केबिल से अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जांच में लगभग 75 किलोवाट का अवैध लोड पाया गया। एसडीएम प्रथम जयप्रकाश वार्ष्णेय ने तहसील और रायसत्ती क्षेत्र में छापेमारी की। वहीं एसडीओ तृतीय राहुल सिंह ने रुकुनुद्दीन सराय, चौधरी सराय और हयातनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की। एसडीओ द्वितीय गणेश गुप्ता ने भवानीपुर, सैंडा, सिरसी, सैदपुर जसकोली, रुस्तमपुर नियावली और चिमयावली में बिजली चोरी पकड़ी। इसी तरह एसडीओ चतुर्थ चन्द्रभूषण ने ऐचौड़ा कम्बोह, असगरीपुर, टांडा कोठी, असमोली और सिंहपुरसानी में छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ उपभोक्ताओं ने अवैध कनेक्शन हटाने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया।



# पुरुषोत्तम मास में जनकल्याण सेवा समिति ने लगाया भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जनकल्याण सेवा समिति की ओर से बुधवार को माल गोदाम रोड स्थित मोहन नक्षत्र के आवास पर भंडारे का आयोजन किया गया। शाम चार बजे से शुरू हुए भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में अन्नदान का विशेष महत्व माना जाता है। इसी भावना के तहत भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मीनू फैंसी, पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा, सोनी रस्तोगी, सीमा फैंसी, कांता अदलखा, रेखा रस्तोगी, अंशू वार्ष्णेय, राजेश्वरी, रचना, शालिनी शर्मा, सीमा सिंह, अनामिका सिंह, आभा रानी, सारिका, भावना सिंह, रजनी, अलका, दिनेश चंद्र गुप्ता व मोहन नक्षत्र सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।




# मोर्हरम पर जुलूस मार्गो पर प्याऊ को ठीक करने के लिए दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद फिरोज)।** आने वाले मुहर्रम के महीने मे जुलूस मार्गो को ठीक कराने और खराब प्याऊ को ठीक कराने जाने जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुहर्रम के मौके पर अलम जुलूस के मार्गों पर कई स्थानों पर सड़कें टूटी और गड्ढों से भरी हुई हैं, जिससे जुलूस और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सपा नेताओं ने मांग की कि जुलूस से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। इसके अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में खराब पड़े प्याऊ को चालू कराने की मांग उठाई गई, ताकि लोगों को ठंडे पेयजल की सुविधा मिल सके। ज्ञापन में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं का कहना है कि शहर की गलियों और मोहल्लों में बच्चों व बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है, इसलिए आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। ज्ञापन में शहर की खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने और बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए नियमित फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की भी मांग की गई है। सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये का बजट होने के बावजूद नगर पालिका की व्यवस्थाएं धरातल पर दिखाई नहीं दे रही हैं। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को निर्देशित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।



# फ्रिज पर भारी पड़ रहा मटका, शीतल पानी के लिए उमड़ रहे खरीदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ गई है। कुम्हार समुदाय के लोग पारंपरिक तरीके से घड़े तैयार करने में जुटे हैं।

बाजारों और गांवों में लोग फ्रिज के बजाय घड़ों का पानी पीना पसंद कर रहे हैं, जिसे देसी फ्रिज भी कहा जाता है। कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी के घड़ों में रखा पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण इन दिनों घड़ों की बिक्री में तेजी आई है। सुबह से शाम तक लोग घरों के लिए घड़े, सुराही और मटके खरीदने पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी के बर्तनों में रखा पानी न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। आधुनिक उपकरणों के दौर में भी मिट्टी के घड़े अपनी उपयोगिता के कारण लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं, जिससे कुम्हारों के चेहरे पर भी रौनक लौट आई है।





# रंगों के संग खिली बच्चों की प्रतिभा, चित्रकला प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** रघुनाथ आश्रम स्थित सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा आयोजित समर कैंप के चौथे दिन बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रातः छह से सात बजे तक आयोजित प्रतियोगिता में करीब 35 बच्चों ने भाग लिया। सबरंग अन्नी के निर्देशन में बच्चों ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आइसक्रीम के चित्रों में रंग भरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के चित्रों का मूल्यांकन कर अनमोल को प्रथम, कुनाल को द्वितीय और गोविंद को तृतीय स्थान प्रदान किया।

विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विनय शर्मा ने बच्चों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं प्रमोद गांधी की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस दौरान अन्नी सबरंग, राजीव रोशन शर्मा, हीरालाल, ज्योति, ज्ञान प्रकाश, पारुल, प्रफुल्ल अग्रवाल, योगेंद्र, रतन गोपाल, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय सहित अन्य का सहयोग रहा।



# अंतिम दिन कड़ी सुरक्षा और निगरानी मे सम्पन्न हुई पुलिस की भर्ती परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (लायबा नूर)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज परीक्षा के अंतिम दिवस द्वितीय सत्र में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सम्भल स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि उक्त लिखित परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इण्टर कॉलेज सम्भल, एस.बी. एस. जे. इण्टर कॉलेज सम्भल,हिन्द इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं चेकिंग व्यवस्था, तथा परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# परिवार परामर्श केंद्र में सुलझे आठ मामले, पांच बिखरे परिवार फिर हुए एक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में केंद्र प्रभारी एवं थाना प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित हुई। बैठक में पति-पत्नी के आपसी विवादों से संबंधित 25 प्रकरणों की सुनवाई की गई।

काउंसलरों के सहयोग से आठ मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि पांच परिवारों को समझा-बुझाकर पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कर दिया गया। एक प्रकरण में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, वहीं दो मामलों को आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद कर दिया गया।

इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, मुख्य आरक्षी मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य मौजूद रहे।



परमिशन

## उझारी में शेख दाऊद मियां का उर्स अपने शबाब पर

# हाई कोर्ट के आदेश पर मिली 15 दिन की परमिशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी।** हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह का उर्स अपने शबाब पर है। भारी संख्या में जायरीन पहुंच रहे हैं तथा दरगाह पर तबर्रुक एवं चादर पोशी करके मन्नते मांग रहे हैं। हाई कोर्ट के आदेश पर उर्स की परमिशन 15 दिन के लिए मिल गई है।

जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी में देश के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेख दाऊद मियां रह० की दरगाह स्थित है। जहां पर प्रतिवर्ष अरबी साल के 12वें महीने जिल्हिज्जाह की 16 तारीख से उर्स का प्रारंभ होता है। उर्स में दिन के समय विशाल दाऊदिया दंगल आयोजित किया जाता है तथा रात्रि में कव्वाली का प्रोग्राम चलता है। बीती रात पीलीभीत से आए मशहूर फनकार अरशद कामली ने कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया। उन्होंने कहा- खुदा का शुक्र शहे मशरकैन वाले हैं, यह जितने आए हैं सारे हुसैन वाले हैं।। उन्होंने आगे पढ़ते हुए कहा कि- अली व फातिमा के दिल का चैन जिंदा है, यजीद मर गया मेरा हुसैन जिंदा है।।कव्वाली पर श्रोता झूम रहे थे तथा तालियां बजाकर कव्वालों की हौसला अफजाई कर रहे थे। उर्स में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग दरगाह पर तबर्रुक एवं चादर चढ़ाकर मन्नतें मांग रहे हैं। कहा जाता है कि हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० की दरगाह पर सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य ही पूरी होती है। उर्स में खेल खिलौने एवं हिंडोलों में लोग अपना मनोरंजन कर रहे हैं, तो महिलाएं मीना बाजार से अपनी आवश्यकताओं की वस्तुएं खरीद रही हैं। चारों ओर हर्ष और उल्लास का माहौल है। उर्स के समय अवधि को लेकर विवाद चल रहा था, जिस पर हाई कोर्ट लखनऊ ने आदेश जारी किया और उपजिलाधिकारी हसनपुर द्वारा उर्स को पुनः 15 दिन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जिससे हजरत शेख दाऊद मियां बंदगी रह० के चाहने वालों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, फहीमुद्दीन महल, इफ्तार उल हसन, मौ० आदिल, मौ० आमिर, मौ० तबरेज, हाजी कल्लन, हाजी बब्बन, अलाउद्दीन सैफी, भूरे मिस्त्री, शहरोज मुख्तार, कोकब इक्तदार, मुस्तकीम अल्वी, सद्दन अली, अबसार अहमद, मास्टर असद, तारिक महमूद, नासिर अली एड०, इस्तखार ठेकेदार, मास्टर शबाहत अली, अदनान महल, वहाब अहमद आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर व्यापार मंडल ने बांटी मिठाई, उपलब्धियां गिनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने बुधवार को कैथल गेट स्थित कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में व्यापारियों और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, आधारभूत संरचना और व्यापार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। वहीं नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है और व्यापारिक माहौल भी मजबूत हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं देश की निरंतर प्रगति की कामना की गई। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, दीपक वार्ष्णेय, सभासद निशांत शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, अतुल कश्यप समेत व्यापारी और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## उ0प्र0 आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा किया गया परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उ0प्र0 आरक्षी भर्ती परीक्षा-2026 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, चेकिंग प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता एवं यातायात प्रबंधन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





# बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर जर्जर मकान का छज्जा गिरा,7 श्रद्धालु घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ मंगलवार शाम हादसा हो गया। मंदिर मार्ग पर स्थित एक पुराने तीन मंजिला मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आकर सात श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल रामकृष्ण मिशन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत स्थिर है और कोई भी श्रद्धालु खतरे में नहीं है।
घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद दोनों अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार शाम करीब छह बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु बांके बिहारी मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ श्रद्धालु रास्ते में स्थित एक गोस्वामी परिवार के मकान के बाहर रुके हुए थे। तभी भवन की तीसरी मंजिल का पुराना छज्जा अचानक टूटकर नीचे आ गिरा। मलबे की चपेट में आने से सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और



स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में तेज हवाएं चल रही थीं। मौसम विभाग की ओर से भी आंधी और तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। प्रारंभिक जांच में भवन की जर्जर स्थिति, तेज हवा और छत पर बंदरों की गतिविधियों को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है।
हादसे के बाद सोशल मीडिया पर मंदिर परिसर के भीतर दुर्घटना होने की चर्चाएं भी सामने आईं, लेकिन प्रशासन ने इन दावों का खंडन किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मंदिर के अंदर कोई दुर्घटना नहीं हुई। सभी श्रद्धालु दर्शन करने के बाद सुरक्षित बाहर निकल चुके थे और हादसा मंदिर से लगभग 300 से 350 मीटर दूर एक निजी भवन के पास हुआ है।
जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगातार जर्जर और खतरनाक भवनों की पहचान कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ऐसे भवनों को हटाने की कार्रवाई भी जारी है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

**वर्जन चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी, मथुरा**

बांके बिहारी मंदिर के भीतर कोई हादसा नहीं हुआ है। मंदिर से लगभग 300-350 मीटर दूर एक पुराने मकान का छज्जा गिरने से सात श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच कराई जा रही है तथा जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# सुभारती लॉ कॉलेज की 17वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया न्यायिक कौशल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा समसामयिक भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित 17वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के निर्देशन तथा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई, संकायाध्यक्षा एवं प्रधानाचार्या, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विधि विद्यार्थियों को न्यायालयीन कार्यप्रणाली, कानूनी अनुसंधान, तार्किक विश्लेषण एवं प्रभावी वकालत कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार निवारण कानूनों, संवैधानिक अधिकारों और समकालीन कानूनी चुनौतियों पर अपने ज्ञान एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
मूट कोर्ट संगठन की शिक्षक समन्वयक डॉ. आफरीन अलमास एवं छात्र समन्वयक ओम ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 टीमों के कुल 44 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। प्रारंभिक दौर में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में श्री आशुतोष देशवाल, श्री पार्थ मल्होत्रा, सुश्री मुस्कान श्रीवास्तव, श्रीमती शिवानी तथा श्री अनुराग चौधरी शामिल रहे।
सेमीफाइनल राउंड में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं एवं विधि विशेषज्ञों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इनमें अधिवक्ता शेहला चौधरी (भारत का सर्वोच्च न्यायालय), अधिवक्ता आशुतोष तिवारी (जिला न्यायालय, मेरठ), अधिवक्ता सुजीत सिंह तथा अधिवक्ता सूर्यांश त्यागी शामिल रहे।





**22 टीमों के 44 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, आरती-व्योम की टीम बनी विजेता, आयुष-देवांश रहे उपविजेता**

निर्णायकों ने प्रतिभागियों से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए एवं 19, सरकारी अधिकारियों को प्राप्त कानूनी संरक्षण, तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त ह्यनिजता के अधिकारह्ल और भ्रष्टाचार की जांच के बीच उत्पन्न होने वाले कानूनी टकराव से जुड़े जटिल प्रश्न पूछे। फाइनल राउंड की सुनवाई के लिए गठित प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल में प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, डीन, सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ; प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल, निदेशक, अनुसंधान एवं विकास, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय; तथा डॉ. प्रेम, प्रोफेसर, विधि संकाय, सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ शामिल रहे।
निर्णायकों ने प्रतिभागियों से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय संवैधानिक विधि तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं 17ए एवं 19 से संबंधित गहन प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर प्रतिभागियों ने प्रभावशाली तर्कों और कानूनी दृष्टांतों के साथ प्रस्तुत किया।
प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों में आरती एवं व्योम की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम (ड़ी२३ ळीं) घोषित किया गया, जबकि आयुष एवं देवांश की टीम उपविजेता रही। प्रतिभागियों की प्रभावशाली दलीलों, कानूनी समझ और न्यायिक प्रस्तुतीकरण की निर्णायकों ने सराहना की। इस अवसर पर प्रतियोगिता के सफल संचालन में सृष्टि, लवी, आराध्या, सिल्विया, सना श्री, चेतन, सादिका बंसल तथा जॉर्ज सहित अनेक छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को विधिक शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य के सक्षम अधिवक्ता एवं न्यायविद बनने की दिशा में प्रेरित किया।

# आंधी के कहर से चरमराई बिजली व्यवस्था, रातभर चला बहाली अभियान

बुलन्द संदेश बयूरो

**पिलखुवा।** मंगलवार देर रात आई तेज आंधी ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे दर्जनों इलाकों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को उमस और गर्मी के बीच पूरी रात परेशानी का सामना करना पड़ा।
रमपुरा रोड, पबला रोड, मोदीनगर रोड, दहपा समेत विभिन्न क्षेत्रों में आंधी का सबसे अधिक असर देखने को मिला। कई जगह पेड़ गिरने से बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा और आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीमें सक्रिय हो गईं और प्रभावित क्षेत्रों में मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। एक्शन प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि आंधी के कारण अलग-अलग स्थानों पर 19 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जबकि कई स्थानों पर तार भी टूट गए थे। विभागीय कर्मचारियों ने रातभर अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त किया। लगातार प्रयासों के बाद अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे लोगों को राहत मिले।





# वायरल वीडियो के बाद एक्शन: दो हेड कांस्टेबल निलंबित, एसएसपी ने बैठाई जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों द्वारा वाहनों को प्रवेश दिलाने के नाम पर पैसे लेने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हेड कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कराई गई जांच में वायरल वीडियो से जुड़े दो अलग-अलग तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर विभागीय कार्रवाई की गई।
पुलिस जांच में पता चला कि वायरल हुए एक वीडियो में दिखाई दे रहा रुपयों का लेन-देन किसी अवैध वसूली से संबंधित नहीं था। यह मामला एक मजदूर और ठेकेदार के बीच चल रहे विवाद का था, जिसमें पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया था। समझौते की प्रक्रिया के दौरान धनराशि का आदान-प्रदान हुआ, जिसे वीडियो में गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरे वायरल वीडियो की जांच में थाना वृंदावन क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नरसिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई। वीडियो में कुछ लोगों को पर्स से रुपये निकालते हुए देखा गया, जिसके बाद एक बस को आगे बढ़ने दिया गया। प्रारंभिक जांच में इस घटना में अनियमितता के संकेत मिलने पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों हेड कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं, ताकि सभी तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।
पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विभाग की छवि को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को गंभीरता से लिया जाएगा। भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और कर्तव्य में लापरवाही के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है।



**वर्जन सीओ सदर पीतमपाल सिंह,**

वायरल वीडियो की जांच में दो अलग-अलग तथ्य सामने आए हैं। एक मामला आपसी विवाद के निस्तारण से संबंधित था, जबकि दूसरे मामले में पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई।
दोनों संबंधित हेड कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# जाम मुक्त मथुरा के लिए सड़क पर उतरे नगर मजिस्ट्रेट, रेलवे के सीमेंटेड स्ट्रक्चर पर चला बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा स्वयं पुलिस बल और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सड़क पर उतरे तथा शहर के प्रमुख मार्गों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमणों और अव्यवस्थाओं को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए।
नगर मजिस्ट्रेट ने स्टेट बैंक चौराहे से लेकर भूतेश्वर क्षेत्र और रेलवे अंडरपास तक पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन, अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाले कई बिंदु चिन्हित किए गए। अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के दौरान बस अड्डे के पास रेलवे विभाग द्वारा निर्मित एक सीमेंटेड स्ट्रक्चर यातायात में बड़ी बाधा के रूप में सामने आया। अधिकारियों ने पाया कि मुख्य मार्ग पर बने इस भारी-भरकम ढांचे के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी और अक्सर जाम की स्थिति बन रही थी। नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर रेलवे अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया और प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से उक्त निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया।





**स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार से हटेंगे अवरोध**

निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर जाने वाले मार्ग पर भी अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या सामने आई। नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित थाना पुलिस, यातायात विभाग और नगर निगम को संयुक्त कार्रवाई कर मार्ग को अवरोध मुक्त कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित अभियान चलाकर सड़क किनारे होने वाले अतिक्रमण हटाने को कहा गया।
शहर में पार्किंग की समस्या और सड़कों पर खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। निरीक्षण के दौरान बीएसए कॉलेज की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस भूमि को अस्थायी पार्किंग के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। पार्किंग बनने से भूतेश्वर और आसपास के क्षेत्रों में सड़क पर खड़े वाहनों की समस्या कम होने की उम्मीद है।

**वर्जन अनुपम कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट, मथुरा**

महानगर की जनता को जाम की समस्या से राहत दिलाना हमारी प्राथमिकता है। सरकारी भूमि और सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी यातायात में बाधा बनेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रश्मिका मंदाना पर बड़ा दांव

# पहली बार बायोपिक में निभा सकती हैं ये किरदार



रश्मिका मंदाना की कामकाजी जिंदगी से जुड़ा एक बाड़ा अपडेट आया है। खबर है कि वह पहली बार बायोपिक में दिखेंगी और मशहूर गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभा सकती हैं। इसके निर्देशन की कमान गौतम तिन्ननुरी पर है, जिन्हें शाहिद कपूर की फिल्म जर्सी (2022) के लिए जाना जाता है। इस खबर ने रश्मिका के फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। बता दें, सुब्बुलक्ष्मी कर्नाटक संगीत जगत की महान गायिका थीं। दिसंबर, 2004 में उनका निधन हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका को बायोपिक में मशहूर गायिका का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। यह भी पता चला है कि हाल ही में अभिनेत्री के घर पर लुक टेस्ट का आयोजन किया गया था। पहले खबर आई थी कि फिल्म में सुब्बुलक्ष्मी के किरदार के लिए साई पल्लवी का नाम तय किया गया है। फिर खबर आई कि साई की जगह रुक्मिणी वसंत को चुन लिया गया है और अब रश्मिका का नाम सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत में शुरू हो सकती है, लेकिन यह भी ध्यान देने वाली बात है कि फिलहाल फिल्म को लेकर कोई ाधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिलहाल रश्मिका अपनी आने वाली फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें उनके साथ शाहिद और कृति सैनन भी नजर आएंगे। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

**सफलता** थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार और उपनिरीक्षक सावेज चौधरी की टीम की बड़ी सफलता

# 20 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा ( मोइनुद्दीन)।** थाना बलदेव पुलिस और उपनिरीक्षक सावेज चौधरी की रिवार्डिड टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश हम्बीर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।
पुलिस के अनुसार मंगलवार रात थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार और उपनिरीक्षक सावेज चौधरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नगला उदय सिंह निवासी वांछित अपराधी हम्बीर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार के निर्देशन में थाना बलदेव पुलिस और उपनिरीक्षक सावेज चौधरी की रिवार्डिड टीम ने दौलतपुर अंडरपास सर्विस रोड पर घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया।
देर रात संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने साहस और सतर्कता का परिचय देते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ थाना बलदेव में मारपीट, फायरिंग, धमकी और अवैध वसूली सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस के मुताबिक 27 मार्च 2026 को गांव में दो पक्षों को भड़काकर विवाद कराने तथा एक व्यक्ति को उसके पुत्र के अपहरण और हत्या की धमकी देकर 15 हजार रुपये की अवैध वसूली करने के मामले में भी हम्बीर वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज**

पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी हम्बीर का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ जनपदों में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**अपराधियों पर सख्ती जारी**

थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार और उपनिरीक्षक सावेज चौधरी की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्यशैली का संदेश गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी तरह लगातार जारी रहेगा।

# स्कूल के मैदान पर बनी तीन मजारों को हटाने का नोटिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** रामपुर के गांव भमरौआ में एक सरकारी स्कूल के खेल के मैदान से तीन मजारों को हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है, प्रशासन ने मृतक एहसन रजा के परिजनों को शिक्षा विभाग के माध्यम से नोटिस

## पति-पत्नी और बेटे की हैं मजारें

जारी किया है ! यह मजारें पति-पत्नी और बेटे की होना पता चला है !
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एहसन रजा गांव में दिनी तालिम देते थे, लगभग 50 वर्ष पहले उनकी मृत्यु हो गई थी, पत्नी की भी मृत्यु 30 वर्ष और बेटे की मृत्यु 18 वर्ष पहले हो चुकी है ! मृत्यु होने के बाद इन तीनों को इसी जगह दफनाया गया था !
प्रधान लाइक के कथन को सही मानें तो एहसन रजा दीनी तालीम देते थे और अपने पिता की इकलौती संतान थे तथा वर्तमान में उनके तीन बेटे और एक बेटी है ! उधर प्रशासनिक दस्तावेजों के अनुसार यह भूमि सरकारी प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान का हिस्सा है ! इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा विभाग ने मृतक एहसन रजा के परिजनों को अतिक्रमण के रुप में मौके पर बनी तीन मजारों को निर्धारित समय में हटाने के लिए नोटिस दिया है ! नोटिस मिलने के बाबजूद मृतक एहसन रजा के परिजनों की ओर से कोई सार्वजनिक प्रकिया नहीं आई है !





उक्त के संबंध में जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी का कहना रहा कि सरकारी स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण कराया गया है, पहले यहां मदरसा बनाने का प्रयास किया गया था जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया था,अब उसी स्थान पर तीन मजारें बनी है, सम्बंधित पक्ष को नोटिस दिया गया है ! नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा नोटिस जारी होने के बाद गांव में इस मामले को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है, अब आगे होता है क्या समय ही बताएगा लेकिन सवाल तो बनता है कि अब तक शिक्षा विभाग कुम्भकरणी नींद सोता रहा क्यों ? अब से पहले सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर बनी उक्त तीन मजारों से हुए अतिक्रमण की जानकारी सरकारी स्कूल के प्रबंध संचालक ( हैड मास्टर ) / प्रधान ने शिक्षा विभाग या फिर प्रशासन को नही दी क्यों ? नाम न बताते हुए एक व्यक्ति का कहना रहा कि एहलान रजा को वहीं दफनाया गया जहां वो दीनी तालीम देते थे क्योंकि ऐसी ही इच्छा थी उनकी कि जहां तालिम देता हूं वहीं मुझे दफनाया जाए !

## मनरेगा की जगह "जी राम जी योजना मुरादाबाद सहित देश में 1 जुलाई से "लागू होगी: प्रदेश को पहली किस्त के रूप में मिले 9,741,21 करोड़ रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक हुई। इसमें उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाग लिया। ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मनरेगा योजना को 30 जून से समाप्त करने का निर्णय हुआ। इसके स्थान पर एक जुलाई से जी राम जी योजना पूरे देश में लागू होगी। इस नई योजना के लिए उत्तर प्रदेश को पहली किस्त मिली है। यह राशि 9,741.21 करोड़ रुपये है। स्पष्ट किया गया कि व्यवस्था बदलने पर किसी श्रमिक का अहित नहीं होगा। मनरेगा मजदूर पहले की तरह कार्य करते रहेंगे। उनका भुगतान भी पूर्व निर्धारित व्यवस्था से होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा मजदूरों के शत-प्रतिशत केवाईसी लक्ष्य को तत्काल पूरा करने को कहा। श्रमिकों की मजदूरी के भुगतान में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजना के सुचारू संचालन के लिए अधिसूचना प्रक्रियाओं पर ध्यान देने को कहा। मौर्य ने अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का आह्वान किया।




# रामपुर जिला कारागार में हुई 460 बंदियों की टीबी स्क्रीनिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर ( आनन्द शर्मा )।** जिला कारागार में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी रोगी खोज अभियान के तहत अब तक 460 बंदियों की जांच हो चुकी है जिनमें से 27 संदिग्ध मरीजों के बलगम के सैंपल लिए गए ! मिली

## संदिग्ध 27 मरीजों के जांच हेतु बलगम के लिए सैंपल

जानकारी के अनुसार जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दीपा सिंह, जिला कारागार अधीक्षक डॉ सतेन्द्र कुमार, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजीज हसन अंसारी और परामर्शदाता डॉ उस्मान वारिस कारागार पहुंचे और टीबी स्क्रीनिंग कार्य का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ! इस मौके पर जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दीपा सिंह ने स्पष्ट कहा कि सभी बंदियों की जांच निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से की जानी चाहिए ! निरीक्षण दौरान अधिकारियों को हैंड हेल्ड एक्स - रे मशीन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि इस बैंटरी संचालित मशीन से फेफडों में संक्रमण की शीघ्र पहचान की जा रही है जिससे स्क्रीनिंग प्रक्रिया और भी अधिक प्रभावी और सुविधाजनक बन गई है ! जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ सतेन्द्र कुमार ने बताया कि कुल कैदियों में से 460 कैदियों की टीबी स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है जिनमें से संदिग्ध 27 कैदियों के बलगम के सैंपल जांच को भेजे गए हैं, ! उनका कहना रहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शेष बंदियों की स्क्रीनिंग की जांच कर ली जाएगी और जिनमें टीबी के लक्षण पाए जाएंगे उनका आवश्यक परीक्षण और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा !



## भारत विकास परिषद ने भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए शरबत का किया वितरण : संस्कार, सेवा, समर्पण के साथ समाज की सेवा करें: राजेश कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को भारत विकास परिषद कांठ शाखा ने भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के शरबत का वितरण किया ' मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया ' उन्होंने भीषण गर्मी में इस तरह के आयोजन करने के लिए भारत विकास परिषद की जमकर तारीफ की 'इस अवसर पर चौधरी हुकम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी,चौधरी सोमवीर सिंह,कुंवर सुरेंद्र सिंह, परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, पंकज कुमार, अशोक विश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी,विष्णु अवतार,विशाल बिश्नोई,प्रमोद बिश्नोई, शैलेश गुप्ता, राजेश शर्मा,प्रदुमन बिश्नोई,राहुल लोहिया, संचित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।






## सामूहिक विवाह: इस साल मुरादाबाद में "906 जोड़ों की होगी शादी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस साल कुल 906 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसमें 300 जोड़ों का विवाह जुलाई के महीने में कराया जाएगा। इसकी तैयारियां करने के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए गए। प्रशासनिक अफसर ने 300 जोड़ों का विवाह जुलाई माह में ही कराने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल समारोहों में 35 अपात्र जोड़े पाए जाने व दान के सामान के वितरण में भारी गड़बड़ियों को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित पात्रता का गंभीरता पूर्वक पालन किया जाए। आवेदकों का प्रत्येक स्तर पर गंभीरता पूर्वक सत्यापन करा लिया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।




## कुन्दरकी के जैतपुर पट्टी में आज सजेगी अदब की महफिल, होगा आल इंडिया मुशायरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ।** मुशायरा कमेटी जैतपुर पट्टी के जेरे-एहतमाम आज जुमेरात की रात आठ बजे से जैतपुर पट्टी गांव की अदबी सरजमीं पर

### मुशायरे का इफ़्तेताद विधायक ठाकुर रामवीर सिंह फीता काटकर करेंगे

अजीमुश्शान आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का इनइकाद किया जा रहा है। मुशायरे का इफ़्तेताह इलाके के विधायक ठाकुर रामवीर सिंह फीता काटकर करेंगे। मजलिस की सदरात के फराइज राष्ट्रपति अवार्ड याफ़्ता बाबू दिनेश बल भटनागर अंजाम देंगे। शमा रौशन करने की रस्म समाजसेवी हसमत रजा उस्मानी अदा करेंगे। इस मौके पर विधायक नुमाइंदा ब्रजानंद उर्फ. विक्की ठाकुर भी बतौर मेहमान-ए-खुसूसी शिरकत करेंगे।



मुशायरे के मुंतज़िम एम. के. भारती सैफी, आकिल जैतपुरी और एम. राशिद इस्माइल अंसारी ने इत्तला दी कि इस अदबी नशिस्त में मुल्क की म।ु.ख्तालिफ रियासतों से नामवर शायर, शायरा और सुखनवर तशरीफ ला रहे हैं। कुन्दरकी कस्बा और अतराफ के इलाके की मुमताज शख्सियतें भी मजलिस की रौनक बढ़ाएंगी। आयोजकों के मुताबिक मुशायरे की तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। उम्मीद है कि अदब-नवाज हजरात बड़ी तादाद में शिरकत कर-के शायरों की हौसला अफजाई करेंगे।

## राजकीय विद्यालयों में "बिना पदों के कार्यरत शिक्षक होंगे समायोजित"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीआईओएस का कहना है कि बिना स्वीकृत पदों पर कार्यरत शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। इसके साथ ही २१ मई २०२६ को विद्यालयों में दर्ज छात्र संख्या को भी समायोजन का आधार बनाया जाएगा। जिले के कई विद्यालयों में संबंधित विषय के पद स्वीकृत न होने के बावजूद शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं कुछ विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की कमी है, जबकि कुछ में शिक्षक सरप्लस हैं। ऐसे में शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश ने राजकीय विद्यालयों में समायोजन के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के तहत १२ जून तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एनआईसी की वेबसाइट पर विद्यालयवार, विषयवार और पदवार रिक्त पदों का विवरण प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सरप्लस शिक्षकों का चिह्नांकन कर उनकी सूची भी एनआईसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी इसके बाद १८ जून तक शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की डेडिकेटेड ई-मेल आईडी पर ऑनलाइन आवेदन भेज सकेंगे। २५ जून तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्राप्त आवेदनपत्रों का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद स्थानांतरण की संस्तुति एवं अनुमोदन के लिए अर्ह शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची गुणांक सहित शिक्षा निदेशक माध्यमिक की डेडिकेटेड ई-मेल पर भेजी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ३० जून तक स्थानांतरण आदेश जारी कर कार्यमुक्ति एवं कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डीआईओएस रितु तोमर ने बताया कि मंगलवार शाम उच्चाधिकारियों ने विषयवार सूची तैयार कर एनआईसी पर प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं। ११ जून तक सूची तैयार की जानी है। उन्होंने कहा कि १८ जून तक यदि कोई शिक्षक स्वयं आवेदन नहीं करता और वह सरप्लस श्रेणी में आता है, तो उसके संबंध में निर्णय शासन स्तर से लिया जाएगा।

## आभूषण के "व्यापारी की पत्नी लाखों के जेवर और नगदी लेकर प्रेमी संग भागी" एसएसपी के आदेश पर प्रेमी अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** थाना कटघर के सूरज नगर पीतलनगरी निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी आभूषण की दुकान है। परिवार में पत्नी और ढाई साल का बेटा एक बेटा भी है। युवक के अनुसार उसकी पत्नी के अवैध संबंध कांठ तहसील के थाना छजलैट के गांव हमीदपुर निवासी शुभम विश्नोई से हो गए।30 मई को सुबह करीब 11 बजे वह निजी काम से घर से बाहर गया था। आरोप लगाया कि उसी दौरान पत्नी ने शुभम को घर बुला लिया। पत्नी और शुभम विश्नोई घर में रखी 1 लाख 58 हजार रुपये की नकदी और घर में रखे सोने के आभूषण और एक किलो से अधिक चांदी निकाल कर ले गए। पीड़ित के अनुसार बाद में वह शुभम विश्नोई के घर गया तो उसने पत्नी से बात नहीं करने दी। इतना ही नहीं शुभम के बहनोई रजत विश्नोई, चाचा मुकेश और राजू विश्नोई ने गाली गलौज कर अपमानित किया और घर से भगा दिया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार 2 मई को रात करीब 10:30 बजे रात आरोपी शुभम, रजत और राजू उसके घर में घुस आए और मारपीट की। मामले में एसएसपी ने कटघर पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। इस संबंध में एसएचओ कटघर शैलेंद्र कुमार सिंह के अनुसार पीड़ित की तहरीर के आधार पर उसकी पत्नी, पत्नी के प्रेमी शुभम विश्नोई, उसके बहनोइ रजत विश्नोई और चाचा मुकेश व राजू विश्नोई के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।




## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने किया हवन-यज्ञ: राष्ट्र की समृद्धि, समाज के कल्याण एवं भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लाडलाबाद स्थित प्राचीन प्रैक्टेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "12 साल विश्वास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के अंतर्गत हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने मानव कल्याण, राष्ट्र की उन्नति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ संपन्न किया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश के विकास को नई गति प्रदान की है। जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है।
इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, निवर्तमान विधायक राजेश कुमार चुन्नू, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, चौधरी हुकम सिंह, , राजन बिश्नोई, अंकुश चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, देवराज सिंह जाटव, प्रमोद बिश्नोई, आंचल चौधरी, महेश गुप्ता, अशोक बिश्नोई, सूरज सिंह, मनीष चौहान, उधम सिंह, सचिन कुमार, गौरव बिश्नोई, सुमित दिवाकर, प्रमोद चौहान, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की समृद्धि, समाज के कल्याण एवं भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ हुआ।



## डीएलएड प्रशिक्षण के लिए आनलाइन आवेदन 15 जून से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षण-2026 में प्रवेश के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) की ओर से आवेदन प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी किया गया है। अभ्यर्थी 15 जून से आनलाइन पंजीकरण करने के साथ शुल्क भी जमा कर सकेंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि आठ जुलाई निर्धारित की गई है। आफलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सचिव राजेंद्र प्रताप की ओर से जारी सूचना के अनुसार राज्य सरकार से संबद्ध तथा मान्यता प्राप्त निजी व अल्पसंख्यक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। पात्रता, आयु सीमा, आवेदन शुल्क, चयन मानक और अन्य शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।




## केंद्र एवं प्रदेश सरकार आरक्षण व्यवस्था को कमजोर कर रही है: जयवीर सिंह यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के जिला कार्यालय में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) आरक्षण में घोटाले का आरोप लगाते हुए प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आरक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं, जिससे पीडीए वर्ग के अधिकारों का हनन हुआ है। उनका आरोप था कि कई भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण नियमों का सही ढंग से पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग भी यह मान चुका है कि आरक्षण व्यवस्था के अनुपालन में खामियां रही हैं। जिलाध्यक्ष ने 69 हजार शिक्षक भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती समेत विभिन्न सरकारी विभागों में हुई भर्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आरक्षित वर्ग की हजारों सीटों पर अनियमित तरीके से नियुक्तियां की गईं। इससे पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रही है।जयवीर सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को सदन से लेकर सड़क तक उठाएगी। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर जनता को आरक्षण से जुड़े घोटालों और सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक करेंगे। प्रेसवार्ता में जिला महासचिव फुरकान अली, अतहर अंसारी, सरताज अंसारी, लाखन सिंह सैनी, वसीम कुरैशी, तालिब अंसारी, वेद प्रकाश सैनी, आसकर पाशा, नौशाद पाशा, विक्रम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



**आयुष चिकित्सा कैंप** | सदस्यों ने कोष स्थापना के लिए सहयोग राशि जमा की

# लक्ष्मण दास की मणि पर 13 जून को लगेगा आयुष चिकित्सा कैंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** नागरिक परिषद की कार्य समिति ने फैजल रजा के निवास पर हुई बैठक में निर्णय लिया है कि शनिवार 13 जून को प्रातः 10 बजे लक्ष्मण दास की मणि स्थित राजकीय आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सालय की भूमि पर आयुष चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा। संयोजक जितेंद्र दक्ष और सभासद राकेश यादव ने बताया कि नगर पालिका इंजीनियर ने पैमाइश कर एस्टीमेट तैयार कर लिया है। जल्द ही मणि पर मुख्य द्वार से रास्ता और अस्थाई चिकित्सालय की व्यवस्था की जाएगी।



बैठक में नगर के पानी निकास पर भी चर्चा हुई। अरिल नदी तक नाला निर्माण पर सहमति बनी। संरक्षक राकेश जैन के प्रस्ताव पर फैजल रजा को कोषाध्यक्ष और शकील साबरी को उनका सहयोगी चुना गया। सदस्यों ने कोष स्थापना के लिए सहयोग राशि जमा की।
इस मौके पर तिलक राज चांदना, रणजीत सिंह यादव, हुकुम सिंह, माजिद हुसैन, अनीस अहमद, राकेश यादव, नोमान जमाल, राहत जान और संरक्षक मंडल से राकेश जैन, मुन्ना श्रोती, शकील साबरी, डॉ. राकेश रफीक मौजूद रहे।

## बिजनौर में आयोजित "विशेष ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर में आकाश ताइक्वांडो एकेडमी कांठ" के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आकाश ताइक्वांडो एकेडमी कांठ के खिलाड़ियों ने बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित "विशेष ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर "में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का आयोजन बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अंकुर चौधरी के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी हर्ष चौधरी ने खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों, खेल की बारीकियों तथा प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक कौशल की जानकारी दी। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर आकाश ताइक्वांडो एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त अनुभवों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। एकेडमी के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर को बेहद लाभदायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने का अवसर मिला।



# जीएसटी के प्रस्तावित बदलाव से प्रभावित हो सकता है सब्सक्रिप्शन आधारित राइड-हेलिंग मॉडलः एस्या सेंटर की रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** एस्या सेंटर द्वारा जारी एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जीएसटी कानून की धारा 9(5) के तहत सब्सक्रिप्शन आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म को लाने से ड्राइवरों की आय प्रभावित हो सकती है, यात्रियों के लिए किराए में वृद्धि हो सकती है और अनियमित परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिल सकता है। बैलेंसिंग एफिशिएंसी एंड इक्विटीः एविडेंस फ्रॉम इंडियाज टेक्नोलॉजी-इंटरमीडिएटेड ट्रांसपोर्ट सर्विसेज अंडर द जीएसटी रिजीम शीर्षक से जारी इस अध्ययन में 13 भारतीय शहरों के 2,103 लोगों को शामिल किया गया। इनमें 1,044 ड्राइवर और 1,059 यात्री शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, सब्सक्रिप्शन आधारित सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (रंर) प्लेटफॉर्म पारंपरिक कमीशन आधारित एग्रीगेटर मॉडल से अलग तरीके से काम करते हैं। इस मॉडल में ड्राइवर बुकिंग प्राप्त करने के लिए एक निश्चित सदस्यता शुल्क का भुगतान करते हैं, जबकि किराया तय करने, भुगतान प्राप्त करने और अपनी



कमाई पर उनका पूर्ण नियंत्रण रहता है। अध्ययन में कहा गया है कि ऐसे प्लेटफॉर्म पर धारा 9(5) के तहत जीएसटी दायित्व लागू करना कानूनी और व्यावहारिक दोनों दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि अधिकांश ड्राइवर जीएसटी पंजीकरण की निर्धारित सीमा से नीचे आते हैं। सर्वेक्षण में शामिल 86 प्रतिशत ड्राइवरों ने बताया कि वे बुकिंग प्राप्त करने के लिए सब्सक्रिप्शन आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं, जबकि 56 प्रतिशत का मानना है कि कम प्लेटफॉर्म लागत के कारण उनकी कुल आय में सुधार होता है। हालांकि, तीन-चौथाई से अधिक ड्राइवरों ने आशंका जताई कि प्रस्तावित कर व्यवस्था से उनकी आजीविका प्रभावित होगी और लगभग 80 प्रतिशत को अपनी शुद्ध आय घटने का डर है। वहीं, यात्रियों ने भी बढ़ते किराए को लेकर चिंता व्यक्त की। करीब 68 प्रतिशत यात्रियों ने कहा कि यदि किराए में केवल 5 प्रतिशत की भी वृद्धि होती है, तो वे ऐप आधारित कैब और ऑटो सेवाओं का उपयोग कम कर देंगे। लगभग आधे उत्तरदाताओं ने बताया कि बढ़ते खर्च के कारण वे पारंपरिक टैक्सी और ऑटो सेवाओं की ओर लौट सकते हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 90 प्रतिशत यात्रियों ने ऐप आधारित सुरक्षा सुविधाओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया। रिपोर्ट में नीति-निमार्ताओं से मांग की गई है कि धारा 9(5) के प्रावधान केवल उन्हीं मामलों में लागू किए जाएं, जहां प्लेटफॉर्म का किराया निर्धारण और भुगतान संग्रह पर प्रत्यक्ष नियंत्रण हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि यात्रियों की सुरक्षा और नियामकीय अनुपालन के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को व्यावसायिक नियंत्रण का प्रमाण न माना जाए।

# ईंटों से भरा टिपलर पलटने से आठ वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**असमोली ।** थाना असमौली क्षेत्र के गांव धकतौड़ा में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बालिका की ईंटों से भरे टिपलर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार गांव धकतौड़ा निवासी एक व्यक्ति अपने मकान निर्माण के लिए ईंटें मंगवा रहा था। ईंटों से भरा टिपलर घर के पास पहुंचा और ईंटें उतारने के लिए उसे उछाला (पलटा) जा रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से ईंटों का ढेर नीचे खड़ी आठ वर्षीय आस्था पर गिर पड़ा। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक मासूम ईंटों के नीचे दब चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल ईंटों को हटाकर बालिका को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां अपनी बेटी को याद कर बार-बार बिलखती रही, जबकि अन्य परिजन भी गहरे सदमे में हैं।बताया गया है कि मृतक बालिका आस्था अपने तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। वह मनोटा स्थित स्कूल में कक्षा दो की छात्रा थी। आस्था पढ़ाई में भी अच्छी थी और उसके असमय निधन से स्कूल परिवार में भी शोक का माहौल है।हादसे की सूचना पर स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और हर किसी की जुबान पर इस दर्दनाक हादसे की चर्चा है।मासूम आस्था की अचानक हुई मौत से परिजनों के सपने भी उसके साथ ही बिखर गए। गांव में जहां एक ओर निर्माण कार्य की तैयारी चल रही थी, वहीं दूसरी ओर इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है।

# शाही इमाम आफताब हुसैन पर एफआईआर दर्ज होने पर डीएम एसपी से मिले विधायक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली )।** चन्दौसी मार्ग सैफ खां सराय मे मस्जिद और दरगाह के ग्राम समाज एवं वक्फ मामले मे शाही इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी और उनके भाई मेहताब हुसैन के विरूद्व एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर डीएम और एसपी से सपा विधायक ने मुलाकात की। शहर विधायक एवं पूर्व काबीना मंत्री नवाब इकबाल महमूद ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि उन्होंने डीएम से कसेरुआ गांव में ध्वस्त की गई मस्जिद को लेकर बात की है। मस्जिद से जुड़े दस्तावेजों की जांच किए बिना कार्रवाई करना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि यदि मस्जिद समिति का कोई अधिकार बनता है तो



उन्हें वैकल्पिक स्थान पर मस्जिद निर्माण की अनुमति दी जाए। इसके अलावा सपा विधायक ने शाही जामा मस्जिद के शाही इमाम हजरत मौलाना आफताब हुसैन वारसी के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि इमाम एक शरीफ और नेक इंसान हैं, जिन पर भारी जुमार्ना, बुल्डोजर नोटिस और एफआईआर जैसी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से इन मामलों पर पुनर्विचार कर राहत देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने एसपी से फतेहउल्लाहगंज चौकी, मंदिरों और मस्जिद से जुड़ी ग्राम सभा भूमि के मामले का भी जिक्र किया। उनका आरोप था कि शिकायत में कई धार्मिक स्थलों और चौकी पर ग्राम सभा भूमि होने की बात कही गई है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ मस्जिद पक्ष पर हो रही है। नवाब ने कहा कि कानून सबके लिए समान होना चाहिए। विधायक के अनुसार, डीएम और एसपी दोनों ने उनकी बात गंभीरता से सुनी और निष्पक्ष जांच व न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया है। यह मामला अब जिले में राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का विषय बन गया है।

## रक्तदान अभियान के प्रति सक्रियता बढ़ाने पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** इंडियन ब्लड डोनर्स ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संभल फ्यूचर एकेडमी, फतेहउल्लाह सराय, हसनपुर रोड पर किया गया। बैठक में ग्रुप के सम्मानित सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और रक्तदान अभियान को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं युवा समाज सेवी और संभाल फ्यूचर एकेडमी के डायरेक्टर तथा डी एस आर हॉस्पिटल के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शाने रब ने की तथा संचालन समाजसेवी मशकूर मंसूरी ने किया । इस अवसर पर डॉ. शाने रब ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त पहुंचाना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक को सम्बोधित करते हुए इंडियन ब्लड डोनर्स ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी नवेद शान ने आगामी रक्तदान शिविरों, नए सदस्यों को जोड़ने, आपातकालीन रक्त सहायता व्यवस्था को मजबूत करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष की माता का हुआ निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** भारतीय जनता पार्टी मुरादनगर के मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल की माताजी उषा गोयल का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा नेता के निवास पर पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल की माता जी उषा गोयल धर्मपत्नी घनश्याम दास मूल निवासी गांव दुहाई लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं। मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। निधन की खबर फैलते ही उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मंडल एवं जिला पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राहुल गोयल भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और सामाजिक कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। ऐसे में उनकी माता जी के निधन की सूचना से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी गहरा शोक देखा गया। कई नेताओं ने इसे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दिवंगत माता जी का अंतिम संस्कार श्रद्धापूर्वक ब्रजघाट में किया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों, कार्यकताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# भ्रष्ट अधिकारी राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाली सफेद दीमक हैं : ज्यूडिशियल काउंसिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ज्यूडिशियल काउंसिल ने देशभर में सार्वजनिक प्रशासन एवं सरकारी संस्थानों में बढ़ते भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता व्यक्त की है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा है कि भ्रष्ट अधिकारी सफेद दीमक की तरह कार्य कर रहे हैं, जो चुपचाप और व्यवस्थित रूप से राष्ट्र की नींव को कमजोर कर रहे हैं, जनता के विश्वास को नष्ट कर रहे हैं, सुशासन को क्षति पहुंचा रहे हैं तथा भारत की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार आज राष्ट्र के समक्ष खड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बाहरी खतरे दिखाई देते हैं और अक्सर तत्काल ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार भीतर ही भीतर कार्य करता है तथा देश की संस्थाओं, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को दीर्घकालिक क्षति पहुंचाता है।

श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा, भ्रष्ट अधिकारी सफेद दीमक से कम नहीं हैं। जिस प्रकार दीमक सबसे मजबूत संरचनाओं को भीतर से धीरे-धीरे नष्ट कर देती है, उसी प्रकार भ्रष्ट अधिकारी शासन, न्याय व्यवस्था और जनकल्याण की नींव को कमजोर करते हैं। उनके कार्य नागरिकों से उनके अधिकार छीनते हैं, योग्य व्यक्तियों को अवसरों से वंचित करते हैं तथा कानून के शासन को कमजोर करते हैं। ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा कि भ्रष्टाचार केवल सरकार को आर्थिक हानि ही नहीं पहुंचाता, बल्कि व्यापक जन-पीड़ा भी



उत्पन्न करता है। रिश्वतखोरी, पक्षपात, पद के दुरुपयोग तथा प्रशासनिक अनियमितताओं के कारण नागरिकों के लिए निर्धारित आवश्यक सेवाएं अक्सर उन लोगों तक नहीं पहुंच पातीं जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ईमानदार नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों, देरी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जबकि भ्रष्ट लोगों का एक छोटा वर्ग समाज की कीमत पर लाभ उठाता है। श्री अग्निहोत्री ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार में खोया गया प्रत्येक रुपया जनकल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आधारभूत संरचना और राष्ट्रीय विकास से चुराया गया रुपया है। भ्रष्टाचार योग्यता को नष्ट करता है, ईमानदारी को हतोत्साहित करता है और उन संस्थाओं में जनता के विश्वास को कमजोर करता है जो जनता की सेवा के लिए बनाई गई हैं। ज्यूडिशियल काउंसिल ने जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई केवल जांच एजेंसियों और कानून-प्रवर्तन संस्थाओं पर नहीं छोड़ी जा सकती।

इसके लिए प्रत्येक नागरिक, नागरिक ईमानदार अधिकारी राष्ट्र को मजबूत बनाता है, जबकि एक भ्रष्ट अधिकारी उसे कमजोर करता है। भारत का भविष्य केवल आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति पर ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने वाले व्यक्तियों के नैतिक चरित्र पर भी निर्भर करता है।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और मीडिया से नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने तथा भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। काउंसिल का मानना है कि सत्यनिष्ठा और नैतिकता की संस्कृति का विकास बचपन से ही किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भ्रष्टाचार के प्रत्येक स्वरूप को अस्वीकार करें।

# बुधवार अब तक का सबसे अधिक गर्म दिनः कांठ का तापमान दिन में 42 डिग्री सेल्सियस रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जून की शुरूआत के बाद बुधवार अब तक का सबसे अधिक गर्म दिन रहा। कांठ का तापमान दिन में 42 डिग्री




सेल्सियस रहा 'दिन के समय चिलचिलाती धूप और आसमान से

### चिलचिलाती धूप और "आसमान से अंगारे बरसने से जनजीवन" प्रभावित

अंगारे बरसने से जनजीवन काफी प्रभावित रहा शाम को भी तपन काफी अधिक महसूस की गई।

न्यूनतम तापमान काफी अधिक रहने की वजह से सुबह के समय भी गर्मी की तपिश महसूस की गई' गर्मी के कारण बाजार में सन्नाटा दिखाई दिया' पूर्वान्ह से ही तेज धूप और गर्म हवा ने अपना कब्जा जमा लिया ' बुधवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन बताया गया है ।

# ममता की करीबी राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने दिया इस्तीफा, टीएमसी को एक और झटका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की करीबी मानी जाने वाली राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

सुष्मिता देव का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब टीएमसी पहले से ही अंदरूनी असंतोष और नेताओं के पार्टी छोड़ने जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में उनके इस कदम को पार्टी के लिए एक और बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

हालांकि, उनके इस्तीफे के कारणों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। सुष्मिता देव



लंबे समय से टीएमसी का प्रमुख चेहरा रही हैं और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की सक्रिय प्रवक्ता एवं प्रतिनिधि के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उनके इस्तीफे के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चचाएं शुरू हो गई हैं और अब सभी की नजरें उनके अगले राजनीतिक कदम पर टिकी हैं।

# हिंदी -उर्दू अदबी संगम द्वारा पुस्तक लोकार्पण व पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी की प्रसिद्ध साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था हिंदी- उर्दू ,अदबी संगम के तत्वावधान में हिंदी भवन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण मित्र सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त साहित्यकार, लेखिका डॉ. सविता चड्ढा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लेखिका एवं समाजसेविका डॉ.अंजू क्वात्रा, साहित्यकार ममता सिंह, पर्यावरण अतिथि के रूप में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार -विचारक डॉ. शंभु पंवार,एवं दिल्ली विश्व विद्यालय की प्रोफेसर अंजू अग्रवाल, शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ कल्पना पाण्डेय



"नवग्रह"उपस्थित रहे और अध्यक्षता डॉ.सैयद अख्तर अली नकवी ने की।एवं शानदार संचालन शकुंतला मित्तल ने किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.सैयद अख्तर अली नकवी के संपादन में पर्यावरण विषयक पुस्तक "हमारा पर्यावरण ओर आपका स्वास्थ्य" एवं नोयडा की डॉ . नीता रानी की पुस्तक "योगिनी" एवं छत्तीसगढ़ के डॉ. गंगाराम आश्रम की पुस्तक "छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद चिरंजीवी बघेल" की पुस्तक का अतिथियों ने लोकार्पण किया।

डॉ. सैयद अख्तर नकवी द्वारा संपादित पुस्तक हमारा पर्यावरण और आपका स्वास्थ्य में देश के प्रतिष्ठित पर्यावरणविदों, लेखकों, पत्रकारों, प्रोफेसरों व बुद्धिजीवियों के शोधपरक आलेख और विचार संकलित है। इस पुस्तक के संपादन में इंद्रकांत आगंरिक एवं शहनाज परवीन का भी सहयोग रहा। समारोह में डॉ.नीता रानी,ज्योति स्वरूप गौड़,इंदुकांत अंगिरस, डॉ.अनामिका रोहिला ने भी विचार व्यक्त लिए।इस अवसर पर डॉ गीतांजलि नीरज अरोडा "गीत",डॉ. कविता मल्होत्रा, अर्चना कोचर, नाजरीन अंसारी, डॉक्टर रशीद गोरी, अब्दुल रहमान, डॉ सरीना खान, प्रणव वात्सल्य, अमोद कुमार, शिल्पा राजपूत, दुर्गादत पाठक, उमंग सरीन, शकुंतला मित्तल, सृष्टि गुलाटी, कुमार सुबोध, डॉ.मुक्ता मिश्रा, डॉ.सरला सिंह, डॉ.राकेश वशिष्ठ, बंशीधर नाहरवाल, अख्तर अली शाह,ज्योति पांडे, सहित अन्य को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। अंत में अजिमा नकवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**संदेश जारी** | पेपर लीक युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और देश की शिक्षा व्यवस्था के साथ एक बड़ा अन्याय

# प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक चिंताजनक, नौजवान हिम्मत न हारेः मौलाना सज्जाद नोमानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के जाने-माने शिक्षाविद् और सामाजिक विचारक मौलाना सज्जाद नोमानी ने देश की नई पीढ़ी, विशेष रूप से जेन-जी युवाओं के नाम एक बेहद महत्वपूर्ण वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने देश में बार-बार हो रहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों पर गहरा दुख और नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और देश की शिक्षा व्यवस्था के साथ एक बड़ा अन्याय और खिलवाड़ है। मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि जब वे देश के कोने-कोने में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की दिन-रात तैयारी करते हुए देखते हैं, तो उन्हें बेहद खुशी होती है। छात्रों के माता-पिता कर्ज लेकर उन्हें पढ़ाते हैं ताकि आप शिक्षा हासिल कर बेहतर भविष्य बेहतर बन सके। साथ ही परिवार और देश की सेवा कर सकें। लेकिन देश को खोखला करने वाले कुछ भ्रष्टाचारियों की वजह से परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को अत्यधिक मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार



और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस घोटाले में ऊपर से लेकर नीचे तक जो भी भ्रष्टाचारी शामिल हैं, उनकी पूरी जांच कर उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए, क्योंकि इस तरह की घटनाओं से युवाओं का शिक्षा व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। मुश्किल घड़ी में युवाओं के साथ खड़े होने का भरोसा दिलाते हुए मौलाना नोमानी ने देश के बच्चों और बच्चियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी सूरत में हिम्मत न हारें। उन्होंने युवाओं को आगाह किया कि वे हताश होकर नशे, अपराध या किसी गलत रास्ते की तरफ कदम न बढ़ाएं। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी जिंदगी बेहद कीमती है। उनके माता-पिता ने उन्हें बहुत उम्मीदों और कुर्बानियों के साथ पाला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही इंसान को मजबूत और हिम्मत वाला बनाता है।

मौलाना नोमानी ने नौजवानों से कहा कि आप शिक्षा के क्षेत्र में डटे रहो। मैं आप सबके लिए दुआ करता हूं कि आप पूरी ईमानदारी से शिक्षा हासिल करें और देश की सेवा में लगे रहें। उन्होंने वादा किया कि वे आगे भी युवाओं के साथ संवाद करते रहेंगे ताकि उनके टैलेंट और ऊर्जा को सही दिशा देकर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सर्वोपरि है। जब नौजवान सफल होंगे, तभी देश के विकास और देश को महाशक्ति बनाने में योगदान देंगे। इसलिए पेपर लीक मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मौलाना नोमानी ने बताया कि इतिहास गवाह है कि "बाधाएं हमेशा बड़े टैलेंट के सामने आती हैं, लेकिन वे अपनी हिम्मत से उनको जीत लेते हैं।"

# कांवड़ पथ की मरम्मत शुरू होने पर "ग्रामीणों ने खुशी का किया इजहार "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** कांवड़ पथ पर आज मरम्मत का काम शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है, जिला अधिकारी ने पिछले दिनों इस मार्ग का निरीक्षण कर ठीक करने के निर्देश दिए थे ' कावड़ पथ पर खेमपुर सेफुल्लापुर नागमणि मंदिर से धामपुर मार्ग तक सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है । शेरपुर मुजफ्फरपुर टांडा खेमपुर गांवड़ी रुस्तमपुर भैंसली जमालपुर मौढ़ी हजरतपुर और नया गांव आदि गांव के लोगों का सफर इससे आसान होगा।



सावन माह में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ पथ से बेड़े रामपुर, बरेली ,बदायूं और शाहजहांपुर की ओर जाते हैं। सावन में कांवड़िए इस मार्ग से मुरादाबाद और रामपुर की ओर जाते हैं इस मार्ग पर बड़े वाहन कम होने के कारण यह कावड़ियों के लिए आरामदायक है। कांवड़ पथ की मरम्मत शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा। mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267

YEIDA — 25 YEARS OF EXCELLENCE

Yamuna Expressway Industrial Development Authority — YEIDA — FUTURE IS HERE



Yogi Adityanath
Chief Minister, U.P.

Nand Gopal Gupta "Nandi"
Minister of Industrial Development, U.P.

Jaswant Singh Saini
State Minister Industrial Development, U.P

# Wings to Aspirations OF THE NATION



Strategically planned as a next-generation growth corridor, YEIDA is fast emerging as a hub where world-class infrastructure, future-ready industries, and seamless connectivity converge. Elevated by the Noida International Airport, YEIDA is driving investment, innovation, and employment. At 25, YEIDA is dedicated to move forward with renewed momentum, advancing Uttar Pradesh's $1 trillion economy vision and Viksit Bharat.

## Milestones YEIDA @ 25

### DEFINING EXCELLENCES

**Engine of Growth**
Prime location along 100 m. wide Yamuna Expressway with seamless regional connectivity.

**Land Bank Strength**
3,000+ hectares of planned development area ensuring long-term expansion and scalability.

**Urban Infrastructure Push**
Planned sectors with integrated roads, utilities, green spaces, and social infrastructure for sustainable urban living.

**Reliable Power Infrastructure**
Dedicated substations and high-capacity transmission network, ensuring uninterrupted, quality power supply.

### Unmatched Connectivity

**India's Aviation Gateway**
Noida International Airport – 11,700+ acres, 225 million passenger annual capacity.

**Logistics & Freight Advantage**
Eastern Dedicated Freight Corridor (DFC) | Airport DFC Connectivity | 87-acre cargo hub | Airport to Delhi Mumbai Expressway connecting Road.

**Connectivity Boost**
Proposed High Speed Rail Connectivity from Delhi-Varanasi | Rail Connectivity from Chola (Kolkata - Howrah Line) to Rundhi (Mumbai Line) | Proposed Rapid Rail Transit System (RRTS)

**Expressway Network**
100 m. wide Eastern Peripheral Expessway | 130 m. wide Road Greater Noida to YEIDA | 100 m. wide Expressway Palwal to Khurja | Ganga Expressway | Connectivity to Delhi - Mumbai Expressway

### Industrial Footprints

**Investment Magnet**
Rs 50,000+ crore investments since 2017; strong policy support.

**Industrial Expansion**
2,200+ plots across 2,730+ acres driving industrial growth.

**Employment Generator**
Nearly 4 lakh jobs across sectors.

### Planned for Development

**Sectoral Mega Parks**
Clusters for Medical Devices, Data Centres, Apparel, MSME, Toys Handicrafts & Semiconductor Park.

**Electronics Hub**
Electronic manufacturing cluster in Sector 10

**Global Districts**
Singapore, Japanese & Korean Cities – 500 acres each.

**Fintech Hub**
Upcoming integrated ecosystem of offices, retail & residences.

**International Film City**
230+ acres of world-class film production facility.

### Future Master Plan: A path of growth

Upcoming Logistics Hub in Tappal Bajna Urban Centre

Upcoming Heritage City in Raya Urban Centre Mathura

Upcoming Master Planning of Hathras Urban Centre

Upcoming Master Planning of Agra Urban Centre

Yamuna Expressway Industrial Development Authority — YEIDA — FUTURE IS HERE

**YAMUNA EXPRESSWAY INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY**
(U.P. Government Undertaking)
First floor, Commercial Complex, Block-P-2, Sector Omega-I, Greater Noida, Uttar Pradesh 201308, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.
Website: www.yamunaexpresswayauthority.com